Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 225 | रविवार, 17 अगस्त -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# SUMMERCOOL




## SUMMERCOOL ONBOARDS AJAY DEVGN AS BRAND AMBASSADOR

Summercool has signed Ajay Devgn as its new brand ambassador for the many years and emphasises the brand's dedication to interacting with Indian consumers.

## संपादक की कलम से

# मुनीर की गीदड़ भभकी

पाकिस्तान के फील्ड मार्शल एवं सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर एक कट्टरपंथी मौलवी ज्यादा हैं और एक पेशेवर सेनाध्यक्ष कम लगते हैं। वह दो माह के अंतराल में दूसरी बार अमरीका के दौरे पर हैं। राष्ट्रपति ट्रंप के साथ मुलाकात भी तय है। क्या अमरीकी राष्ट्रपति ने व्हाइट हाउस में राष्ट्राध्यक्ष अथवा शासनाध्यक्ष के बजाय सेना के जनरल से द्विपक्षीय मुलाकात की परंपरा शुरू कर दी है? जनरल मुनीर को अमरीका की सरजमीं से परमाणु हमले की धमकी देने की अनुमति क्यों दी गई? अमरीका तो भारत का मित्र और रणनीतिक साझेदार देश है। बेशक टैरिफ के मुद्दे पर विवाद है, लेकिन अमरीका क्वाड जैसे संगठन में भी भारत का साथी देश है। क्वाड का शिखर सम्मेलन भारत में ही होना है। ट्रंप उसे टाल नहीं सकते। बहरहाल पाक समुदाय को संबोधित करते हुए मुनीर ने लगभग पूरी दुनिया को धमकाया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान एक परमाणु संपन्न देश है। यदि हम सोचते हैं कि हम हार रहे हैं, तो उससे पहले हम आधी दुनिया को नष्ट कर देंगे। मुनीर के कथन के भाव यही थे। हालांकि उनका संबोधन अंग्रेजी भाषा में था। इससे पहले मुनीर ने सीधे भारत को धमकी दी थी कि हम सिंधु पर बांध बनाने का इंतजार कर रहे हैं। यदि ऐसा किया गया, तो हम बांध पर 10 मिसाइलों से हमला करेंगे। हमारे पास बहुत मिसाइलें हैं। भारत ने मुनीर के इन शब्दों को गीदड़ भभकी के तौर पर लिया और एक बार फिर साफ किया कि भारत परमाणु हमले की ब्लैकमेल से नहीं डरता। कारगिल और ऑपरेशन सिंदूर के युद्धनुमा संघर्षों के दौरान भी पाकिस्तान परमाणु शक्ति वाला देश था। मुनीर अच्छी तरह जानते हैं कि पाकिस्तान को किस तरह घुटनों पर आना पड़ा? सबसे गौरतलब यह है कि आतंकवाद और पाकिस्तान को लेकर अमरीका और राष्ट्रपति ट्रंप का नजरिया क्यों बदल गया है? ट्रंप ने पहले राष्ट्रपति–काल के दौरान ही पाकिस्तान की अरबों डॉलर की आर्थिक मदद रद्द कर दी थी। तो क्या अब पाकिस्तान आतंकवाद–मुक्त देश लगता है? राष्ट्रपति ट्रंप इतना जरूर समझ लें कि पाकिस्तान के जनरल के प्रस्ताव पर ही उन्हें शांति का नोबेल पुरस्कार मिलने वाला नहीं है। फर्जी युद्धविराम के दावों के आधार पर भी सर्वोच्च शांति पुरस्कार से नहीं नवाजा जा सकता। नोबेल पुरस्कार समिति और ज्यूरी को सब जानकारियां होती हैं। अमरीकी राष्ट्रपति पाकिस्तान में क्या करना चाहते हैं, यह भी समूचे विश्व के संज्ञान में है। दरअसल अपने वजूद के 78 सालों के बावजूद पाकिस्तान की सियासत, हुकूमत और खासकर फौज भारत–ग्रंथि से मुक्त नहीं हो पाई है। जनरल मुनीर ने अमरीका में कश्मीर पर वही जहर उगला है, जो पहलगाम नरसंहार से पहले एक और संबोधन में किया था। क्या सेना प्रमुख का यह भी काम होता है कि वह पाक समुदाय को भडकाए और सुलगाए? मुनीर के बयान बता रहे हैं कि उसकी महत्वाकांक्षा क्या है? पाकिस्तान का इतिहास उसके जनरलों की ऐसी महत्वाकांक्षाओं और उनकी कारस्तानियों से भरे हैं। मुनीर के संबोधन समझा रहे हैं कि आने वाला युद्ध नई किस्म का होगा। यह आर्थिक युद्ध भी हो सकता है, क्योंकि मुनीर ने रिलायंस इंडस्ट्रीज की गुजरात के जामनगर में स्थित रिफाइनरी को निशाना बनाने की कसम खाई है। यह विश्व की सबसे बड़ी रिफाइनरी है। मुनीर हरेक संदर्भ में पाकिस्तान को भारत का प्रतिद्वंद्वी देश चित्रित करना चाहता है, जबकि यथार्थ बिल्कुल भिन्न है। भारत की जीडीपी पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था से 10 गुना ज्यादा है और यह अंतर चौड़ा होता जा रहा है। विश्व में भारत का जो दर्जा है, पाकिस्तान उस संदर्भ में दूर–दूर तक भी नहीं है। पाकिस्तान सब कुछ उधार मांग कर जीने वाला देश है। मुनीर सपने देखना चाहते हैं, तो कोई क्या कर सकता है?



ललित शर्मा
संपादक

# मृत्यु भोज देना या उसमें भाग लेना दंडनीय अपराध है -जाना पड़ सकता है जेल!



गोंदिया




वैश्विक स्तरपर दुनियां में भारत ही एक ऐसा देश है जहां हजारों समाज, लाखों जातियां, उपजातियां धर्म व आध्यात्मिक आस्था की जड़ कहा जाता रहा है, जिसकी गिनती विदेशो में भारतीय खूबसूरती की विशेषताओं में से एक है। कई सैलानी इस अनोखी व्यवस्था को देखनें ही भारत यात्रा पर आते हैं और कहते हैं काबिल-ए-तारीफ! इसी कारण ही भारत धर्मनिरपेक्ष देश की ताकत से प्रसिद्ध है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र, मानता हूं के भारतीय रीति रिवाज को हर समाज स्तर पर अलग अलग रूप से लागू किया जाता रहा है, परंतु बहुत सी ऋतियां और रिवाज ऐसे हैं जो करीब करीब हर समाज जाति में कॉमन है, उन्हें में से एक है, परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु हो जाने पर उस परिवार में 13 दिवसीय शोक मनाया जाता है तथा अंतिम दिन को, 13 वीं या 12 वीं दिन के रूप में अंतिम दिन मृत्यु भोज दिया जाता है, जिसे समाज स्तर व पारिवारिक व रिश्तेदारों के लोग शामिल होते हैं। परंतु समय के बदलते परिपेक्ष में आजकल समय अभाव के कारण समाज में अपने-अपने समय अनुसार मृत्यु भोज दिया जाता है, तो अनेक समाजों में यह मृत्यु भोज केवल पारिवारिक व रिश्तेदारी तक सीमित कर दिया गया है, जो कि इस प्रकार के नियम समझो कि पंचायत द्वारा ही बनाए गए हैं, जो मेरा मानना है कि काफी हद तक उचित भी हैं।हमारी राइस सिटी गोंदिया नगरी के कुछ समाजों के प्रबुद्ध नागरिकों से इस मृत्यु भोज के विषय पर मेरी लंबी चर्चा हुई तो, उन्होंने कहा हमारे समाज में मृत्यु भोज प्रतिबंधित है परंतु समाज के लोग अपने परिवार और रिश्तेदारों तक सीमित रूप से मृत्यु भोज की रस्म करते रहते हैं। यह चर्चा आज हम इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि मुझे आज 16 अगस्त 2025 को एक महिला ने डिस्पोजल शॉप पर बताया कि उसके पति की मृत्यु हो गई है, वह उसकी 13 वीं में मृत्यु भोज कर रहे हैं। पूरे 13 दिवसीय शोक में एक लाख रुपए से अधिक खर्च आ गया है, व मृत्यु भोज पर भी करीब 40-50 हजार रुपए खर्च होगा। उन्होंने कहा कि वह यह मृत्यु भोज नहीं करना चाहती है परंतु कुछ समाज के लोगों ने कहा इससे समाज वाले उंगली उठाएंगे, बदनाम करेंगे, व सामाजिक प्रतिष्ठा कम होगी! इसलिए मैं यह सब कर रही हूं। बस! इसलिए मैंने आज इस विषय पर आर्टिकल लिखने की सोचा और मैंने फिर इस पर रिसर्च शुरू की तो, मुझे राजस्थान मृत्यु भोज निवारण अधिनियम 1960 मिला, जिसके तहत मृत्यु भोज देना या उसमें भाग लेना दंडनीय अपराध है, जेल जाना पड़ सकता है। उसमें 1 साल की सजा वह 1000 रुपए जुमार्ना की सजा है।दुसरा 13 दिसंबर 2023 तारीख की राजस्थान पुलिस की एक सोशल मीडिया पर पोस्ट मिली जिसमें लिखा था, मृत्यु भोज करने और उसमें शामिल होना कानूनं दंडनीय अपराध है। मानवीय दृष्टिकोण से भी यह आयोजन अनुचित है, इसलिए आओ मिलकर इस कुरीति को समाज के से दूर करें, इसका विरोध करे।चूंकि राजस्थान मृत्यु भोज निवारण अधिनियम 1960 के तहत मृत्यु भोज कानून दंडनीय अपराध है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे पारिवारिक सदस्य की मृत्यु पर 13 दिवसीय शौक पर मृत्यु भोज को कुरीति/रीति/धार्मिक संस्कार पर बस छिड़ी। राष्ट्रीय स्तरपर इसका समाधान होना जरूरी है। साथियों बात अगर हम मृत्यु भोज की करें तो, हिंदू परिवारों में मृत व्यक्ति की आत्मा की शांति के लिए परिजन अंतिम संस्कार के बाद विधि विधान से तेरह दिन पर तेरहवीं के रूप में मृत्यु भोज रखते हैं, मगर राजस्थान पुलिस का फरमान देख लगता है कि यह लोगों का अधिकार नहीं बल्कि अपराध है। राजस्थान पुलिस ने 13 दिसंबर की सुबह सोशल साइट एक्स पर पोस्ट किया था - मृत्यु भोज करना और उसमें शामिल होना कानूनन दंडनीय है। मानवीय दृष्टिकोण से भी यह आयोजन अनुचित है, तो क्या किसी को भोज दे ही नहीं? असल में मृत्यु भोज ऐक्ट आज का नहीं है, यह 1960 से है। इसमें साफ लिखा है कि मृत्यु भोज देना या उसमें भाग लेना दंडनीय अपराध है। सजा के रूप में एक साल तक का या एक हजार रुपये तक के जुमार्ने का प्रावधान है। इसमें साफ है कि धार्मिक संस्कार के तहत रखे गए भोज में सौ से ज्यादा लोगों की संख्या नहीं होनीचाहिए। एक्ट बने इतने साल बीत गए मगर हकीकत यह है कि लोग इसके बारे में जानते भी नहीं। राजस्थान पुलिस के ट्वीट पर भी कई लोगों की प्रतिक्रिया थी कि क्या ऐसा भी कोईकानून है। ऐसा कहने वाले भी कम नहीं थे कि यह उनका निजी विषय है। एक ने एक्स पर लिखा-ऐसे हिंदू विरोधी कानून बंद करें।यह हिंदू धर्म के लिए ठीक नहीं।इसमें कोई जबरदस्ती नहीं होती। हर इंसान अपनी हैसियत के हिसाब से ही करता है। तो कुछ लोगों ने इसके समर्थन में भी पोस्ट किया। एक ने लिखा-हमारे यूपी में भी ऐसा कानून होना चाहिए! मरने के बाद धर्म संकट में डालकर लूटने वालों की दुकानों पर ताला लगना चाहिए!राजस्थान में कुरीति बन चुकी है मृत्यु भोज?लोगों के तर्क से बड़ा सवाल यह उठता है कि क्या शोकाकुल परिजनों को मृत्यु भोज के लिए धर्म संकट में डाला जाता है? राजस्थान से ताल्लुक रखने वाले वरिष्ठ पत्रकार ने सबसे पहले पुलिस को ट्रोल करने वालों को जवाब दिया। वह बताते हैं-ट्रोल करने वालों में ज्यादातर लोग प्रदेश के बाहर के हैं। शायद इन्हें नहीं पता होगा कि राजस्थान में नुकता यानी मृत्युभोज कितनी बड़ी कुरीति रही है। राजस्थान में शादियों में ढाई-तीन हजार लोगों को आमंत्रित किया जाता है और मृत्युभोज में भी इतनी ही तादाद में भोज कराने का दबाव रहता है। बेशक खाने के आइटम शादी के मुकाबले थोड़े कम होते हैं। यहां तक कि अगर घर में किसी युवा शख्स की मौत होती है तो भी इतना बड़ा भोज करने का दबाव रहता है। यह आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को भावनात्मक और आर्थिक रूप से बहुत कमजोर कर देता है। कई बार तो कर्ज लेना पड़ जाता है। पुलिस की कानूनी बंदिश यह कहती है कि आप सौ-सवा सौ से ज्यादा लोगों को भोज न दें। साथियों बात अगर हम राजस्थान मृत्यु भोज निवारण अधिनियम 1960 की मुख्य धाराओं की करें तो, परिभाषा - इस अधिनियम में, जब तक कि विषय या संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, -(ए) मृत्यु भोज का अर्थ है किसी व्यक्ति के निधन के अवसर पर या उसके संबंध में किसी भी अंतराल पर आयोजित या दी जाने वाली दावत और इसमें एक नुक्ता, एक मोसर और एक चहल्लुम शामिल है, और (बी) मृत्यु भोज आयोजित करने या देने' में तैयार या बिना तैयार भोजन की वस्तुओं का वितरण शामिल है, लेकिन इसमें धार्मिक या धर्मनिरपेक्ष संस्कारों के पालन में परिवार के लोगों या पुरोहित वर्ग के व्यक्तियों या फागीरों को खाना खिलाना शामिल नहीं है, जो कि इससे अधिक नहीं है। कुल मिलाकर सौ व्यक्तियों की संख्या।(3) मृत्यु भोज का निषेध-राज्य में कोई भी व्यक्ति मृत्यु भोज आयोजित नहीं करेगा, न देगा, न शामिल होगा, न ही भाग लेगा।(4) धारा 3 के उल्लंघन के लिए सजा- जो कोई भी धारा 3 के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या ऐसे किसी भी उल्लंघन को करने के लिए उकसाता है, उकसाता है या सहायता करता है, उसे एक अवधि के लिए कारावास की सजा हो सकती है, जिसे एक वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है, या एक हजार रुपये तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है।

# ग्रामीण विकास को गति देती पंचायतें



विजय गर्ग

भारत में पंचायत को सुशासन की दृष्टि से देखें, तो लोक सशक्तीकरण इसकी पूर्णता है और लोक विकेंद्रीकरण की नजर से देखें, तो यह एक ग्रामीण स्वशासन की परिपाटी की पूर्ति है जो ग्रामीण विकास के लिए कहीं अधिक जरूरी है। इतना ही नहीं यह गांधी के ग्राम- स्वराज के सपने को भी बल देता है। सुशासन शांति और खुशहाली का परिचायक है। जबकि पंचायत एक ऐसी संस्था है जो ग्रामीण स्वराज को आगे बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भारत में 6.65 लाख गांव हैं, जिनमें 2.68 लाख ग्राम पंचायतें और ग्रामीण स्थानीय निकाय हैं, जो देश के ग्रामीण परिदृश्य का आधार हैं। पंचायतें ग्रामीण विकास को गति दे ही रही हैं, आम आदमी की भी ताकत बन रही हैं। केंद्रीय बजट 2025-26 में ग्रामीण विकास को रफ्तार देने और केंद्रित कार्यक्रमों तथा निवेशों के जरिए समृद्धि बढ़ाने के उद्देश्य से कई प्रमुख पहल की गई। मसलन वर्ष 2028 तक के लिए जीवन मिशन, ब्राडबैंड सुविधा, जिसका लक्ष्य यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में सभी सरकारी माध्यमिक विद्यालयों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक इंटरनेट पहुंच उपलब्ध हो तथा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाया जाए। इसके अतिरिक्त भारतीय डाक उद्यमियों, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम यानी एमएसएमई और स्वयं सहायता समूहों का समर्थन करने वाले एक प्रमुख सार्वजनिक 'लाजिस्टिक्स' संगठन के रूप में विकसित करना भी लक्ष्य है। ग्रामीण समृद्धि एवं अनुकूलन कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं, युवा किसानों, हाशिए पर पड़े समुदायों और भूमिहीन परिवारों को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करना है। पंचायत लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण का परिचायक है और सामुदायिक विकास कार्यक्रम इसकी नींव है। पंचायत जैसी संस्था की बनावट कई प्रयोगों और अनुप्रयोगों का भी नतीजा है। सामुदायिक विकास कार्यक्रम का विफल होना और इसके बाद बलवंत राय मेहता समिति का गठन फिर वर्ष 1957 में उसी की रपट पर इसका मूर्त रूप लेना देखा जा सकता है। गौरतलब है कि जिस पंचायत को राजनीति से परे और नीति उन्मुख सजग प्रहरी की भूमिका में समस्या दूर करने का एक माध्यम माना जाता है, आज वही कई समस्याओं से जकड़ी हुई है। जिस पंचायत ने सबसे नीचे के लोकतंत्र को कंधा दिया हुआ है, वही कई जंजालों से मुक्त नहीं है, चाहे वित्तीय संकट हो या उचित नियोजन की कमी या फिर अशिक्षा, रूढ़िवादिता तथा पुरुष वर्चस्व के के साथ जाति और ऊंच-नीच के पूर्वाग्रह ही क्यों न हों। यह समस्या पिछले तीन दशकों में घटी तो है और इसी पंचायत यह सिद्ध भी किया है कि उसका कोई विकल्प नहीं है। पंचायत की। व्याख्या में क्षेत्र विशेष में शासन करने का विशिष्ट अधिकार निहित है। इसी अधिकार से उन दायित्वों की पूर्ति होती है जो ग्रामीण प्रशासन के अंतर्गत स्वशासन का बहाव भरता है और ग्रामीण बदलाव की गाढ़ी रेखा खींचता है। वर्ष 1997 का नागरिक घोषणापत्र सुशासन का ही शिखर था और 2005 में सूचना का अधिकार इसी का अगला अध्याय इतना ही नहीं वर्ष 2006 की ई-गवर्नेस योजना भी सुशासन की रूपरेखा को ही विस्तृत नहीं करती, बल्कि इनसे पंचायत को भी ताकत मिलती है। वर्ष 1992 में सुशासन की अवधारणा सबसे पहले ब्रिटेन में सामने आई थी। वर्ष 1991 में उदारीकरण के बाद इसकी पहल भारत में भी देखी गई। सुशासन के इसी वर्ष में पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक स्वरूप दिया जा रहा था। संविधान के 73वें संशोधन में जब इसे संवैधानिक स्वरूप दिया गया, तब वर्ष 1959 से राजस्थान के नागौर से यात्रा कर रही यह पंचायत रूपी संस्था नए आभामंडल से युक्त हो गई। वर्ष 1992 में हुए इस संशोधन को 24 अप्रैल 1993 को लागू किया गया। स्वशासन के संस्थान के रूप में इसकी व्याख्या दो तरीके से की जा सकती है। पहला संविधान में इसे सुशासन के रूप में निरूपित किया गया है, जिसका सीधा मतलब स्वायत्तता और क्षेत्र विशेष में शासन करने का पूर्ण अधिकार है। दूसरा यह प्रशासनिक संघीयकरण को मजबूत करता है। गौरतलब है कि संविधान के इसी संशोधन में गांधी के ग्राम स्वराज को पूरा किया, मगर क्या यह बात भी पूरी शिद्दत से कही जा सकती है कि स्वतंत्र भारत की अति महत्त्वाकांक्षी संस्था स्थानीय स्वशासन से परिपूर्ण है। पंचायतों में एक तिहाई महिलाओं का आरक्षण इसी संशोधन के साथ सुनिश्चित कर दिया गया था जो मौजूदा समय में पचास फीसद तक है। देखा जाए तो तीन दशक से अधिक पुरानी संवैधानिक पंचायती राज व्यवस्था में व्यापक बदलाव आया है। राजनीतिक माहौल में सहभागी महिला प्रतिनिधियों के प्रति रूढ़िवादी सोच में अच्छा खासा बदलाव हुआ, जिसके परिणामस्वरूप वे भय, संकोच और घबराहट को दूर करने में कामयाब भी रही हैं। लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण का ही परिणाम है कि पंचायतों की प्रतिष्ठा बढ़ी है। महिलाओं की भागीदारी भी सामने आ रही है। मगर राजनीतिक माहौल में अपराधीकरण, बाहुबल, जातिवाद और ऊंच-नीच आदि दुगुर्णों से पंचायतें मुक्त नहीं है। समानता पर आधारित सामाजिक संरचना का गठन भी शासन की एक कड़ी है। इसका लक्ष्य ऐसे समाज का निर्माण करना जहां शोषण और सुशासन का प्रभाव हो, जिससे पंचायत में पारदर्शिता को बढ़ावा मिल सके।

## उदय किशोर साह



### कान्हा कब लोगे अवतार

कविता

रे कान्हा अब लो भारत में अवतार
पापियों का कर दो अब तुम संहार
धर्म पे नित्य यहाँ हो रहा है प्रहार
बदला बदला है मानव का विचार

भाई ही भाई का बन गया दुश्मन
हिन्दु ही हिन्दु का उजाड़ रहा चमन
पाप में आकंठ डूब गया है जयचन्द
उजड़ने से बचा लो हिन्द का उपवन

असुरों की बिकराल आ गई बाढ़
कुछ् लोग बन बैठा है धर्म का सांढ़
टी वी पे हो रही है नित्य तकरार
कब कर पाओगे कंश का संहार

कलियुग दिखला रहा है अपना रूप
व्यभिचारी की उपज गई है स्वरूप
सुन्दर चेहरा भी लगता है अब कुरूप
ढलने लगी है शांति समृद्धि का धूप

जन मानस की अब सुन लो पुकार
मिटा दो मानुष के मन का अंधकार
फिर से बजा दो मुरली सुने संसार
कर दो भारत पे एक और। परोपकार

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

## वेलकम इंडिया

### वैदिक पंचांग



## दिनांक - 17 अगस्त 2025

दिन – रविवार
विक्रम संवत 2082
शक संवत –1947
अयन – दक्षिणायन
ऋतु – वर्षा ऋतु
मास – भाद्रपद ( गुजरात–महाराष्ट्र अनुसार श्रावण)
पक्ष – कृष्ण
तिथि – नवमी शाम 07 :24 तक तत्पश्चात दशमी
नक्षत्र – रोहिणी 18 अगस्त रात्रि 03 :17 तक तत्पश्चात मृगशिरा
योग – व्याघात 18 अगस्त रात्रि 01 :40 तक तत्पश्चात हर्षण
राहुकाल – शाम 05 :31 से शाम 07 :07 तक
सूर्योदय – 06 :19
सूर्यास्त – 07 :06
दिशाशूल – पश्चिम दिशा मे
व्रत पर्व विवरण – विष्णुपदी–सिंह संक्राति (पुण्यकाल : सूर्योदय से दोपहर 12 :31 तक)
विशेष – नवमी को लौकी खाना गोमांस के समान त्याज्य है।(ब्रह्मवैवर्त पुराण, ब्रह्म खंड : 27.29–34)
चतुर्मास के दिनों में ताँबे व काँसे के पात्रों का उपयोग न करके अन्य धातुओं के पात्रों का उपयोग करना चाहिए।( स्कन्द पुराण)
चतुर्मास में पलाश के पत्तों की पत्तल पर भोजन करना पापनाशक है।
विष्णुपदी–सिंह संक्रांति
जप तिथि : 17 अगस्त 2025 रविवार को (विष्णुपदी संक्रांति)
पुण्यकाल सूर्योदय से दोपहर 12 :31 से तक
विष्णुपदी संक्रांति में किये गये जप–ध्यान व पुण्यकर्म का फल लाख गुना होता है
(पद्म पुराण, सृष्टि खंड)



पंडित विग्नेश झा

## ओ मेरे कान्हा

ओ मेरे कान्हा
कान्हा तेरी छवि निराली,
मैंने दिल से लगाली।
तेरे चेहरे पर बारी जाऊं,
तेरी मुस्कान पर न्यारी जाऊं,
तेरी बांसुरी की धुन मुझे मधहोश करें,
तेरी बातों की गुन मुझे खामोश करें,
कान्हा तेरी छवि निराली,
मैंने दिल से लगाली।
तू न दिखे तो मैं आकाश निहारुं,
सब कुछ तुझ पर ही बारुं,
तेरी आवाज न सुनू तो तड़प जाऊं,
देख तुझे मैं सारा जग पाऊं,
कान्हा तेरी छवि निराली,
मैंने दिल से लगाली।



नीलम सिंह
(स्वरचित कृति, सर्वाधिकार सुरक्षित)

Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा, हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा, राजस्थान, पंजाब, बहराइच, रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया


RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 225 | रविवार, 17 अगस्त -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## मथुरा में जन्माष्टमी का उत्साह चरम पर

# भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव दिव्य और भव्य रूप में मनाया



**30 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे**

**मथुरा।**

मथुरा में कृष्ण जन्मोत्सव का उत्साह चरम पर है। 400 से ज्यादा कलाकारों ने ब्रज की लोक संस्कृति का प्रदर्शन किया। जन्मस्थान मंदिर की सजावट में 221 किलो चांदी और सिंदूरी फूल का प्रयोग किया गया। सरकार के प्रयासों से ब्रज की सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं को एक नई पहचान मिल रही है। मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव दिव्य और भव्य रूप में मनाया गया। पूरे ब्रज में भक्ति और उत्साह का ऐसा माहौल था कि शनिवार की रात 8 बजे तक ही 30 लाख से अधिक श्रद्धालु के मथुरा-वृंदावन पहुंचने का अनुमान रहा। यह संख्या 40 लाख से अधिक पहुंचने की उम्मीद है। जन्मोत्सव की सबसे बड़ी विशेषता, ब्रज की लोक कला और संस्कृति का व्यापक प्रदर्शन रहा। उत्सव को खास बनाने के लिए उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा पूरे ब्रजक्षेत्र में 21 छोटे और 5 बड़े मंच बनाए गए थे। इन मंचों पर ब्रज क्षेत्र से आए करीब 400 कलाकारों की टोलियों ने रास, भजन, नृत्य और श्रीकृष्ण की जन्म लीलाओं का मनमोहक मंचन किया। इसके साथ ही श्रीकृष्ण जन्मस्थान से जुड़े सभी रास्तों पर स्ट्रीट परफॉर्मर ग्रुप अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे थे। बीन, सारंगी, डमरू, ढप, ढोल, मजीरा और नगाड़े की गूंज से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। बहरूपिया जैसे पारंपरिक कलाकार भी लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बने। श्रीकृष्ण जन्मस्थान का गर्भगृह इस उत्सव के लिए विशेष रूप से सजाया गया था। गर्भगृह को कारागार की तरह स्वरूप दिया गया था, जिसमें 221 किलो चांदी का इस्तेमाल किया गया। मंदिर की सजावट "ऑपरेशन सिंदूर" की थीम पर की गई थी, जिसमें सिंदूरी रंग के फूलों का प्रयोग हुआ। ये फूल खासतौर पर कोलकाता और बंगलुरु से मंगाए गए थे। इस बार की जन्माष्टमी का एक और खास पहलू था काशी विश्वनाथ मंदिर से मथुरा में ठाकुर जी के लिए आए उपहार, जिनमें टॉफी, चॉकलेट और लड्डू शामिल थे, जो

## केंद्रीय मंत्री-छात्रों ने किया स्वागत

# नई दिल्ली पहुंचे भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला



**नई दिल्ली।**

नासा के एक्सिओम-4 अंतरिक्ष मिशन के पायलट और भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अमेरिका से भारत लौट आए हैं। दिल्ली एयरपोर्ट पर केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, सीएम रेखा गुप्ता और छात्रों ने उनका स्वागत किया। शुभांशु ने 18 दिन के मिशन में 60 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोग किए। उनके साथ गगनयान मिशन के बैकअप अंतरिक्ष यात्री प्रशांत बालकृष्णन नायर भी लौटे। भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और नासा के एक्सिओम-4 अंतरिक्ष मिशन के पायलट रहे शुभांशु शुक्ला रविवार तड़के अमेरिका से भारत लौट आए हैं। नई दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचने पर केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और छात्रों के समूह ने शुभांशु का भव्य स्वागत किया। इससे पहले सीएम रेखा गुप्ता और मंत्री सिंह ने एयरपोर्ट पर मौजूद शुभांशु की पत्नी कामना शुक्ला का स्वागत किया।

### 15 जुलाई को पृथ्वि पर लौटे थे शुभांशु

ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला नासा के एक्सिओम–4 निजी अंतरिक्ष मिशन का हिस्सा थे, जो 25 जून को अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से रवाना हुआ और 26 जून को आईएसएस से जुड़ा। उन्होंने अमेरिका की पैगी व्हिटसन, पोलैंड के स्लावोज उजनांस्की–विस्निवस्की और हंगरी के टिबोर कापु के साथ 18 दिन के मिशन के दौरान 60 से अधिक प्रयोग और 20 जनसंपर्क सत्र किए। शुभांशु 15 जुलाई को पृथ्वी पर लौटे थे।

## गाजा में सैन्य कार्रवाई से पहले नागरिकों को दक्षिण की तरफ भेज रहा इस्राइल



**यरुशलम।**

इस्राइल ने गाजा के घनी आबादी वाले इलाकों में सैन्य कार्रवाई से पहले फलस्तीनियों को दक्षिण गाजा भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। सीओजीएटी ने टेंट और आश्रय सामग्री भेजने की घोषणा की है। वहीं, गाजा में फंसे 50 इस्राइली बंधकों के परिजन हमले की आशंका से डरे हुए हैं। हालिया वीडियो में बंधक बेहद कमजोर हालत में मदद की गुहार लगाते दिखे। इस्राइल और हमास के बीच 22 महीनों से चल रहे संघर्ष में अब एक नया मोड़ आ गया है। जहां शनिवार को इस्राइल ने घोषणा की कि वह गाजा के घनी आबादी वाले क्षेत्रों में सैन्य अभियान शुरू करने से पहले वहां रह रहे फलस्तीनियों को दक्षिण गाजा की ओर भेजने की तैयारी कर रहा है। मामले में इस्राइली सेना की मानवीय सहायता एजेंसी सीओजीएटी ने कहा कि रविवार से टेंट और अन्य आश्रय सामग्री की आपूर्ति फिर से शुरू की जाएगी ताकि लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जा सके। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं किया गया

## अमेरिका के कई शहरों में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**नई दिल्ली।**



भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस पर पहली बार अमेरिका के सिएटल स्थित 605 फीट ऊंचे स्पेस नीडल पर भारतीय तिरंगा फहराया गया। यह ऐतिहासिक पल भारत-अमेरिका के मजबूत संबंधों और सांस्कृतिक विविधता का प्रतीक बना। महावाणिज्य दूत प्रकाश गुप्ता व सिएटल के मेयर ने समारोह में भाग लिया। भारत के जश्न-ए-आजादी का 79वां महोत्सव कई मायनों में खास रहा। कारण है कि इस बार भारत के साथ-साथ दुनियाभर के कई हिस्सों में भारतीय तिरंगा का ध्वजारोहण हुआ। इस दौरान अमेरिका सिएटल स्थित 605 फुट ऊंचे स्पेस नीडल पर भारतीय तिरंगा फहराया गया। यह पहली बार है जब किसी दूसरे देश का राष्ट्रध्वज लोकप्रिय अमेरिकी स्थल पर फहराया गया हो। सिएटल में भारत के महावाणिज्य दूत प्रकाश गुप्ता शहर के मेयर ब्रूस हैरेल और विभिन्न गणमान्य नागिरक इस ऐतिहासिक अवसर के गवाह बने। इस बात की जानकारी प्रकाश गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा कि इससे बड़ा कोई सम्मान नहीं! स्पेस नीडल पर तिरंगा फहराना। बाद में, भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने केरी पार्क में एक सामुदायिक स्वागत समारोह का आयोजन किया। इस ऐतिहासिक दृश्य को देखने के लिए बड़ी संख्या में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के सदस्य मौजूद थे। बता दें कि इस मौके पर त सांस्कृतिक कार्यक्रम में राष्ट्रीय गान और सांस्कृतिक नृत्य हुआ। सीएटल के कई प्रतिष्ठित इमारतों को भारतीय तिरंगा की आकृति वाली रोशिनी बिखेरी गई। स्पेस नीडल टॉवर पर लहराते भारतीय तिरंगे को दोनों देशों के बीच के मजबूत रिश्ते और इस इलाके की विविधता का सम्मान बताया गया।





## एअर इंडिया विमान में लैंडिंग में लगे जोरदार झटके

**ग्वालियर।**

राजमाता विजयाराजे सिंधिया एअरपोर्ट ग्वालियर पर शनिवार दोपहर बड़ा विमान हादसा टल गया। बेंगलुरु से ग्वालियर पहुंचे एअर इंडिया के बोइंग 92742 विमान में लैंडिंग के वक्त जोरदार झटके लगने लगे। पायलट ने तुरंत ही विमान को उतरने से रोक लिया। कुछ ही पलों बाद पायलट ने दोबारा विमान उतारने की कोशिश की तो पहले प्रयास के मुकाबले कहीं ज्यादा तेज झटके लगे। इस दौरान विमान के यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। लैंडिंग इतनी खतरनाक थी कि सीटों से लाइफ जैकेट तक बाहर आ गईं। विमान शनिवार सुबह 10 बजकर 50 मिनट पर बेंगलुरु से रवाना होकर दो बजकर 30 मिनट पर ग्वालियर एयरपोर्ट पर पहुंचा। लैंडिंग के समय रनवे को टच करते ही विमान

## दक्षिण कोरिया के साथ सेमीकंडक्टर और अक के क्षेत्र में काम करेगा भारत



**भारत–प्रशांत क्षेत्र और समकालीन वैश्विक घटनाक्रम पर दृष्टिकोणों का आदान–प्रदान किया**

**नई दिल्ली।**

भारत और दक्षिण कोरिया सेमीकंडक्टर, रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा और एआइ के क्षेत्रों में मिलकर काम करने और रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लिया। विदेश मंत्री एस जयशंकर और दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चो ह्यून के साथ बातचीत में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर जयशंकर ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करने पर दक्षिण कोरिया का आभार भी जताया।

साथ ही उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बाद दक्षिण कोरिया का दौरा करने वाले भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल को सियोल में मिले समर्थन का भी उल्लेख किया। इस मौके पर दक्षिण कोरियाई विदेश मंत्री ह्यून ने कश्मीर में अचानक आई बाढ़ में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरिया हमेशा भारत के साथ रणनीतिक संबंध गहरे करना चाहता है। जयशंकर ने बताया कि दोनों मंत्रियों ने भारत-प्रशांत क्षेत्र और समकालीन वैश्विक घटनाक्रम पर दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान किया।

# जीएसटी में अब पांच और 18 फीसद के होंगे स्लैब

**2047 तक एक देश-एक टैक्स की राह आसान**

**नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार ने जीएसटी में बड़े बदलाव के संकेत दिया है। मौजूदा चार टैक्स स्लैब की जगह अब केवल 5% और 18% स्लैब रखने की योजना है। 99% सामान 12% से 5% पर और 90% सामान 28% से 18% पर लाए जाएंगे। सरकार का दावा है कि इससे दाम घटेंगे और खपत बढ़ेगी। इसे अगली पीढ़ी का जीएसटी कहा जा रहा है, जो 2047 तक एकल जीएसटी दर लागू करने की राह खोलेगा। केंद्र सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर ढांचे में बड़े बदलाव का संकेत दिया है। सूत्रों के मुताबिक सरकार ने इसे अगली पीढ़ी का जीएसटी नाम दिया है, जो मौजूदा चार टैक्स स्लैब की जगह सिर्फ दो स्लैब यानि पांच और 18 फीसद में व्यवस्था को सरल बनाएगा। अधिकारियों का कहना है कि यह सुधार भविष्य में एकल जीएसटी दर (सिंगल टैक्स स्लैब) की दिशा में बड़ा कदम साबित होगा। माना जा रहा है सरकार का लक्ष्य है कि 2047 तक भारत एक राष्ट्र-एक टैक्स व्यवस्था की ओर बढ़ सके। वर्तमान में जीएसटी में 5%, 12%, 18% और 28% की चार दरें लागू हैं। प्रस्तावित बदलाव के तहत 12% और 28% स्लैब को खत्म कर केवल पांच और 18 फीसद स्लैब रखा जाएगा। लगभग 99% वस्तुएं जो अभी 12% टैक्स के दायरे में हैं, जैसे बटर, जूस और ड्राई फ्रूट्स, उन्हें 5% पर लाने का सुझाव है।



# श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ध्वजारोहण करते प्रबंधक अशोक शास्त्री

वेलकम ,नितिन शर्मा



**नूरपुर :** क्षेत्र के ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय महाविद्यालय में ध्वजारोहण कॉलेज के प्रबंधक अशोक कुमार शास्त्री व कॉलेज प्राचार्य डॉ अशोक कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर कॉलेज में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने अपनी देश भक्ति भावना को दिखाकर दर्शकों को मंत्र मुक्त कर दिया। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया।

कॉलेज के प्रबंधक अशोक कुमार शास्त्री ने कहा कि हमारे संविधान में प्रत्येक व्यक्ति के लिए मूल कर्तव्य दिए गए हैं जिनका सभी को पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता हमें जीवन जीने की आजादी देती है। हम सभी को अनुशासन में रहकर आजादी का जश्न मनाना चाहिए। कॉलेज निदेशक ठाकुर आकाश शास्त्री ने छात्रों से महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी जैसे महापुरुष हमें जीवन जीने और सत्य, अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। हमें सदैव महापुरुषों के जीवन को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ अशोक कुमार शर्मा ने छात्रों से स्वतंत्रता आंदोलन के भारतीय इतिहास को जानने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमारे देश में असंख्य क्रांतिकारी ऐसे हुए हैं कि उन्होंने अपनी और अपने परिवार की चिंता न करते हुए राष्ट्रहित को आगे रखा। तथा राष्ट्रहित में अपने प्राणों की आहुति दे दी। अतः हमारी भावी पीढ़ी को ऐसे महापुरुषों और क्रांतिकारियों से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में कार्य करने चाहिए। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर डॉ आर पी सिंह ने किया। इस मौके पर दलीप कुमार, डॉ शिवाली राजपूत, डॉ ओमपाल त्यागी, सचिन कुमार, सुषैन बाबू शर्मा, विवेक कुमार, प्रशांत चौधरी, ललित शर्मा, शनि चौहान, छाया राजपूत, रुक्मिणी देवी, रुचि राजपूत, प्रदीप कुमार, राकेश कुमार, डॉ वरुण कुमार, मंसाराम, राजेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया आजादी का पर्व

वेलकम इंडियाः नितिन शर्मा




**नूरपुरः** स्योहारा रोड़ स्थित आर आर पब्लिक स्कूल में 79वा स्वतंत्रता दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरे विद्यालय को तिरंगे की थीम से सजाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के चैयरमेन डॉ मनुजेंद्र गुप्ता एवं प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। जैसे ही तिरंगा स्कूल परिसर में लहराया गया सभी ने एक स्वर में राष्ट्रगान गया और देश के प्रति सम्मान व्यक्त किया। इसके बाद पूरे प्रांगण में भारत माता की जय और वंदे मातरम के जय घोष से गूंज उठा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत छोटे बच्चों के मनमोहक नित्य से हुई जिसमें उन्होंने आजादी के गीतों पर अपनी प्रस्तुति दी। स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम, देशभक्ति गीत, कविताएं और भाषणों ने वातावरण को और भी जोशीला बना दिया। इस अवसर पर अपने संबोधन में स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने कहां कि हमारी स्वतंत्रता लाखों देशभक्ति के बलिदान का परिणाम है हमें न केवल उनके बलिदान को याद रखना चाहिए बल्कि देश की प्रकृति में अपना सक्रिय योगदान भी देना चाहिए। उन्होंने स्कूली बच्चों को देश सबसे पहले और बाकी सब बाद में इसकी प्रेरणा दी। स्कूल के उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने अपने संबोधन में स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने पर बल दिया और इसे राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताया। स्कूल के चैयरमेन डॉक्टर मनुजेंद्र गुप्ता ने स्कूली बच्चों को देश के वीर सपूतों का सम्मान करने और उनके अदम्य साहस के साथ शौर्य गाथा की विस्तार से चर्चा की। सभी बच्चों को अपने अंदर देशभक्ति की भावना जागृत करने की बात कही। स्वती यादव के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में चंचल कटारिया, संजीव डबास, नीरज त्यागी, कपिल कुमार, अनुराग शर्मा, गौरव चौहान, अजय कुमार, विरेन्द्र चौधरी, मीनू वर्मा, शैलेंद्र कौर, आदि उपस्थित रहे।


# देवता महाविद्यालय में 15 अगस्त बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर :** हर घर तिरंगा कार्यक्रम के आयोजन हेतु दिनांक 15 अगस्त तृतीय चरण में तिरंगा महोत्सव के अवसर पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महाविद्यालय के अध्यक्ष कुंवर रविंद्र सिंह देवता महाविद्यालय मोरना के कर कमलों द्वारा कराया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। महाविद्यालय के सचिव वीरेंद्र कुमार सिंह एवं प्राचार्य डॉ लोकबीर सिंह समस्त स्टाफ एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा झंडा दौड़ का कार्यक्रम आयोजित कराया गया। इस मौके पर कैप्टन डॉ सुनीता सिंह, सी.टी.ओ.डॉ राजीव कुमार, डॉ अशोक कुमार, डॉ अमित कुमार, डॉ देवेंद्र सिंह, सुशील कुमार क्रीड़ा सचिव, डॉ रशीद खान, पदम सिंह, विवेक चौधरी, डॉ शोभना गहलोत, डॉ मीनाक्षी साहनी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# डॉक्टर जीशान ने बढ़ाया जिले का मान,मिला राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान




मोहम्मद साजिद/वेलकम इंडिया




**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के ज़िले आजमगढ़ के एक छोटे से गाँव खुटहना संजरपुर से ताल्लुक रखने वाले प्रतिभाशाली युवा डॉ.मोहम्मद जीशान ने एक बार फिर अपने क्षेत्र और समुदाय का नाम रोशन कर दिया है।ऑल इंडिया मुस्लिम डेवलपमेंट काउंसिल ने देशभर से चुने गए 40 साल से कम उम्र के 40 उत्कृष्ट युवाओं की सूची में डॉ.जीशान को शामिल किया है, जिन्हें विभिन्न क्षेत्रों में उनकी सेवा और योगदान के आधार पर सम्मानित किया गया। इस चयन प्रक्रिया में देशभर से हजारों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें कड़ा प्रतिस्पर्धात्मक मूल्यांकन हुआ। यह प्रतियोगिता 28 जून से 2 जुलाई 2025 के बीच कर्नाटक के बंगलुरु शहर में आयोजित हुई जहां शैक्षणिक सामाजिक, नेतृत्वात्मक और व्यावहारिक सेवाओं के कई स्तरों पर जांच-पड़ताल की गई।अंततः केवल 40 युवाओं को इस गौरवपूर्ण सूची में स्थान मिला जिन्हें देश और मुस्लिम समाज के भविष्य निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए चिन्हित किया गया है। खास बात यह है कि डॉ.मोहम्मद जीशान पूर्वी उत्तर प्रदेश से इस सूची में शामिल होने वाले इकलौते प्रतिभागी हैं। उनकी सेवाएं विशेष रूप से शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अत्यंत सराहनीय रही हैं। वे वर्षों से आजमगढ़ के पिछड़े ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और सामाजिक जागरूकता की मुहिम चला रहे हैं। उनके द्वारा स्थापित अल-फारूक पब्लिक स्कूल के माध्यम से सैकड़ों बच्चों की ज़िंदगियाँ संवारी गई हैं और उन्हें बेहतर भविष्य की दिशा दिखाई गई है। यह सम्मान न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। इस सम्मान की खबर से स्थानीय लोगों और शैक्षिक व सामाजिक हलकों में खुशी की लहर दौड़ गई है तथा हर ओर से डॉ.जीशान को मुबारकबाद और शुभकामनाएं मिल रही हैं। यह उपलब्धि उन तमाम युवाओं के लिए एक प्रेरणा है जो छोटे गाँवों से हैं लेकिन बड़े सपने रखते हैं कि अगर इरादे नेक हों और मेहनत सच्ची हो तो मिट्टी से भी चिराग जल उठते हैं जो पूरी दुनिया को रौशन कर सकते हैं। शुभकामना और आशीर्वाद देने आए लोगों ने कहा कि हम दुआ करते हैं कि अल्लाह तआला डॉक्टर जीशान को और अधिक बुलंदियों से नवाजे और उन्हें देश, समाज और उम्मत की सेवा करने हेतु और बड़ी ताकत और तौफीक अता करे।

# रेस लगाते समय हृदय गति रुकने से युवक की मौत



**किरतपुर।** एक युवक की रेस लगाते समय हृदय गति रुकने से मौत हो गई।युवक की मौत से स्वजनों में कोहराम मच गया।युवक अग्नि वीर के पेपर में पास हो गया था 25 अगस्त को रेस होनी थी इसके लिए वह तैयारी में जुटा हुआ था। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशांत पुत्र कल्याण सिंह 20 वर्ष थाना क्षेत्र गांव हैवतपुर निवासी शुक्रवार की सुबह गांव के युवकों के साथ रेस लगाने गया था रेस लगाते समय प्रशांत गिर गया। प्रशांत को गिरता देख उसके अन्य साथियों ने उसको उठाया और उसे जानकर कि तो प्रशांत ने बताया कि उसको चक्कर आ रहे हैं। कुछ ही समय में प्रशांत ने दम तोड़ दिया। जिसकी सूचना अन्य युवको ने घर पर दी सूचना पर स्वजनों सहित सैकड़ो गांव के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और प्रशांत को मृत अवस्था में देख उसके परिजनों के पैरों तले की जमीन खिसक गई और कोहरा मच गया।

# परम संत कृपाल सिंह महाराज का जन्मदिन मनाया गया

वेलकम इंडिया




**बुलंदशहर।** शुक्रवार को कृपाल आश्रम जहांगीराबाद पर मासिक सत्संग का आयोजन किया गया। एवं परम संत कृपाल सिंह जी महाराज जी का जन्मदिन भी मनाया गया। जिसमें संत राजिंदर सिंह महाराज की अमृतवाणी को वीडियो के माध्यम से संगत को सुनाया गया। दिल्ली से प्रीचर मास्टर नरेंद्र जी द्वारा संत कबीर साहब जी द्वारा लिखित ( अव्वल अल्लाह नूर उपाया कुदरत के सब बंदे एक नूर से सब जग उपजया कौन भले कौन मंदे ) की तुक पर सत्संग फरमाया गया। सत्संग के माध्यम से यह बताया गया कि हम सभी उस प्रभु परमात्मा की संतान है, हम उस प्रभु परमात्मा से मिल सकते हैं,उनकी आवाज को सुन सकते हैं, चाहे वह व्यक्ति किसी भी धर्म जाति का हो उसे परमात्मा से एक मेक होने के लिए हमें ध्यान अभ्यास पर बैठकर भजन करना है, तथा बताए गए रास्ते पर चलकर हम उस प्रभु परमात्मा को जरूर पा सकते हैं प्रत्येक इंसान को जीवन में गुरु बनाना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि बिना गुरु ज्ञान के मुक्ति संभव नहीं है, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज जी ने कहा है कि ज्कहना मानो भजन करो ल्अर्थात भोजन करने से पहले उस प्रभु परमात्मा का शुकराना अदा करो जिसने हमें यह अनमोल जीवन दिया है और हम उस जीवन को यूं ही गवा रहे हैं हमें उसे प्रभु परमात्मा के बताए हुए रास्ते पर चलना है अर्थात भजन सुमिरन के माध्यम से हमें उस परमात्मा में एक मेक होना है, आज कृपाल आश्रम पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर कैंप डॉ पी. के. गॉड जी के सानिध्य में लगाया गया। ब्लड शुगर जांच बी.पी.की जांच के बाद रोगियों को उनके रोग के अनुसार दवा भी निशुल्क वितरित की गई, जिसमें सैकड़ो लोगों ने कैंप का लाभ उठाया।

3 अगस्त दिन रविवार को कृपाल आश्रम जहांगीराबाद पर 26 वा रक्तदान कैंप भी लगाया जिसमें 52 लोगों ने बुलंदशहर जिला चिकित्सालय से रेड क्रॉस सोसाइटी की टीम को रक्तदान कर पुण्य लाभ कमाया , अंत में सभी संगत ने सत्संग का लाभ उठाने के बाद गुरु का लंगर रूपी प्रसाद वितरण किया तथा सभी सेवादारों एवं कमेटी के सदस्यों ने अपनी अपनी सेवा का पूरी जिम्मेदारी के साथ लाभ उठाया।

# रक्तदान कैंप का आयोजन



वेलकम इंडिया महमूद रजा

जनपद बिजनौर के तहसील नजीबाबाद क्षेत्र के कनक पुर कला में आज एक दिवसीय रक्तदान शिविर लगाया गया जिस में मुख्य अतिथि के रूप में रक्त दान महादान टीम के ब्लॉक अध्यक्ष हाजी फहीम अख्तर रहे इस शिविर में कई लोगों ने अपना रक्त देकर एक नई पहल की है तथा समाज में रक्त दान करने की जरुकत को उजागर किया है

इस मौके पर रक्त दान महा दान टीम से ब्लॉक सचिव मोहम्मद कासिम नगर सचिव सलमान खान नगर अध्यक्ष राहुल कुमार मीडिया प्रभारी जुनेद अंसारी तथा ब्लड बैंक टीम से सुपरवाइजर कामेंद्र सिंह फील्ड ऑफिसर शाहरुख अहमद लैब तकनीकी विशाल लैब पूजा प्रो मुजम्मिल आलम रहे तथा लीब्यराज समाज सेवा कनकपुर कला टीम से साजिद अंसारी मोहम्मद शहदाब मोहम्मद शमशेर मोहम्मद इरशाद मोहम्मद फरमान मोहम्मद फैसल मोहम्मद मोबीन मोहम्मद उस्मान मोहम्मद तस्लीम मोहम्मद साहिल मोहम्मद फिरोज रहे यह रक्त दान शिविर को सफल बनाने में सभी टीमों का योगदान रहा। इस कैंप में हमे 10 यूनिट ब्लड उपलब्ध हुआ।है हम आशा करते है कि भविष्य में भी ऐसे रक्त दान शिविर लगते रहे ताकि लोगों की जन बचाइए जा सके।


## रोड पर सोने को मजबूर भक्त..

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर वृंदावन मे लाखों भक्तों के जनसैलाब ने खोल दिया प्रशासन की पोल !

अभय त्रिपाठी







**वृंदावन।** शुक्रवार, शनिवार, और रविवार, लगातार तीन दिन के अवकाश की खुशी, और श्री कृष्ण जन्मअष्टमी के पावन पर्व पर वृंदावन आये भक्तों को बहुत ही मुश्किलों का सामना करना पड़ा. जानकारी के मुताबिक करीब 10 से 12 लाख भक्त श्रीकृष्ण जन्मअष्टमी का पर्व मनाने के लिए पूरे भारत से, मथुरा, वृंदावन,पहुचे ! जहाँ पर मुश्किलो का सामना करना पडा ! रात्रि मे श्री प्रेमानंद जी महाराज के दर्शन मे भी लाखों के भीड़ को संभलना बहुत मुश्किल हुआ, केलीकुंज के सेवादारो को बहुत मुश्किल का सामना करना पड़ा भक्तो को व्यवस्थित रखने में !

झारखंड से आये भक्त ने बताया, ना होटल मे जगह है,न किसी आश्रम मे, होटल/ आश्रम मालिक मनमर्जी पैसे मांग रहे है, जिस होटल का कीमत 1000 थी लोग 5000 देने को मजबूर हैं, पार्क,और फुटपाथ पर लोग सो रहे हैं,जो लोग समर्थ नही हैं तथा परिवार के साथ आये हैं ,

चलती गाड़ियों के बीच रोड पर भी सोने को मजबूर हैं, प्रशासन की तरफ से खाने,पीने, वाशरूम तथा मेडिकल किसी तरह की कोई अतरिक्त व्यवस्था नही है ! यहाँ सवाल उठता है अगर चलती गाड़ी के बगल मे रोड पर सोते भक्तों के साथ कोई अनहोनी होती है, तो किसकी होगी जिमेंदारी? दूर दराज से आये भक्तों की ?या भीड़ का अनुमान जानते हुए भी कोई व्यवस्था न करने वाले प्रशासन की?

# डवलपमेंट के लिए ईमानदारी जरूरीः टीएमयू कुलाधिपति

वेलकम इंडिया



तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी कैंपस में वंदे मातरम, भारत माता की जय सरीखे नारों के बीच आन,बान और शान के बीच ध्वजारोहण तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन बोले, आपकी सोच तरक्की करने वाली होनी चाहिए। तरक्की तभी होती है जब सोच ईमानदार होगी।डवलपमेंट के लिए ईमानदारी जरूरी है। ईमानदारी से सेल्फ कॉन्फिडेंस विकसित होता है। हमें अपने कमिटमेंट को भी जरूर पूरा करना चाहिए। चांसलर श्री जैन कैंपस में जश्न ए आजादी के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने वंदे मातरम, भारत माता की जय सरीखे नारों के बीच बड़ी आन,बान और शान के बीच ध्वजारोहण किया। जन गन मन अधिनायक राष्ट्रीय गान की धुन से कैंपस में देशभक्ति की बयार बही। इस मौके पर यूनिवर्सिटी की वीसी प्रो. वीके जैन,प्रो. हरबंश दीक्षित,प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी, प्रो. एमपी सिंह, प्रो. विपिन जैन, डॉ. विनीता जैन, हॉस्टलर्स आदि की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। संचालन डॉ.माधव शर्मा ने किया। इससे पूर्व टिमिट, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन, एग्रीकल्चर कॉलेज, हरियाना के मदन स्वरूप इंटर कॉलेज, सीसीएसआईटी,कॉलेज ऑफ फिजियोथैरेपी में भी स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया।

बिलारी के ग्राम हरियाना में चांसलर ने अपने पिता स्वर्गीय प्रेम प्रकाश जैन की मूर्ति पर माल्यार्पण के संग-संग स्मृति स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर श्री अनिल जैन भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है, स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पूर्व यूनिवर्सिटी में चौथी तिरंगा यात्रा भी बड़े जोश ओ जुनून के संग निकाली गई। कुलाधिपति अपने सारगर्भित संबोधन में बोले, आजादी का मतलब है कि हम हर दृष्टिकोण से आजाद हों।

# फिल्मी स्टाइल में डॉक्टर ने अपने गुंडो के साथ पत्रकारों पर लाठी डंडों लोहे की रोड से किया वार

वेलकम इंडिया महमूद रजा






जब डॉक्टर बना गुंडा। लोकतंत्र का चौथा स्तंभ लहूलुहान।पत्रकारो ने दी चेतावनी, 3 दिन के भीतर चिकित्सकों के खिलाफ ना हुई कार्यवाही, तो प्रदेश भर में होगा आंदोलन। पीड़ित की शिकायत पर कवरेज करने पहुंचे पत्रकारों पर हमला लाइफ लाइन हॉस्पिटल में डॉक्टर व स्टाफ ने पत्रकारों को पीटा, कपड़े फाड़े, मोबाइल छीने। लापरवाही की शिकायत पर कवरेज करने गए थे मीडिया कर्मी नजीबाबाद के थाना मंडावली क्षेत्र में लाइफ लाइन हॉस्पिटल बुधवार रात एक हिंसक वारदात का केंद्र बन गया, जब एक चिकित्सक और उनके साथियों पर पत्रकारों को बर्बर तरीके से पीटने, कपड़े फाड़ने और मोबाइल फोन छीनने का आरोप लगा। यह घटना न केवल व्यक्तिगत हमले का मामला है, बल्कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया पर सीधा हमला है, जो हमेशा पीड़ितों और शोषितों के साथ खड़ा होता है। बताया गया कि अस्पताल में नजीबाबाद के पठानपुरा का एक मरीज एडमिट था। उसके साथ अस्पताल के स्टॉफ द्वारा इलाज में लापरवाही की गई, उसके कैनूला लगाने के दौरान गलत प्रक्रिया अपनाई गइ।परिजनों का आरोप है कि यह कार्य एक नाबालिग अप्रशिक्षित लड़की द्वारा किया गया और कई बार गलत जगह पर सुई लगाई गई, जिससे मरीज को काफी दर्द और परेशानी हुई। पीड़ित परिवार ने इस लापरवाही पर आक्रोश जताते हुए मीडिया से संपर्क किया और मौके पर बुलाया गया। जिसके चलते पत्रकार अपनी सामाजिक जिम्मेदारी समझते हुए पीढ़ित से मिलने अस्पताल पहुंचे, क्योंकि पत्रकार नजीबाबाद से गये थे, इसलिए पत्रकारों ने एक दूसरे से सम्पर्क करते हुए इस मामले के बारे में एक दूसरे को बताया, कुछ मंडावली के पत्रकार इकटठा हो गये। जब सभी पत्रकार अस्पताल पहुंचे और उन्होने अस्पताल के डा चहल से सम्पर्क किया और उनसे सवाल करने शुरू किये, सभी पत्रकारों ने मोबाइल कैमरे से डा चहल की कवरेज करनी शुरू कर दी। जब पत्रकारो ने अस्पताल की असुविधाओं के ऊपर रोशनी डालते हुए डा चहल से सवाल किये तो डा चहल क्रोधित हो गये और आग बबूला होकर पत्रकारो से अभ्रदता करनी शुरू कर दी। डा चहल ने फोन करके कई गुण्डो को अस्पताल बुला लिया, अस्पताल का स्टाफ भी डा चहल के इशारे पर पत्रकारो से अभद्रता करने लगा।यही नही डॉ. चहल ने स्टाफ और बाहर से बुलाए गए कुछ लोगों के साथ मिलकर पत्रकारों को घेर लिया। इस दौरान पत्रकारों के साथ गाली-गलौच, धक्का-मुक्की और मारपीट की गई। कई पत्रकारों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया, उनके कपड़े फाड़ दिए गए और उन्हें अस्पताल से जबरन बाहर निकाल दिया गया। इस सम्बन्ध में बुधवार की रात ही पत्रकारों ने इकटठा होकर थाना मंडावली में तहरीर सौंपी और आरोपी डा चहल, स्टॉफ व उसके द्वारा बुलाये गये गुण्डो के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की गुहार लगाई। घटना की जानकारी मिलते ही आज गुरूवार की सुबह जिले के सभी पत्रकार संगठनों और वरिष्ठ पत्रकारों ने एकजुट होकर तहसील नजीबाबाद में इस हमले की कड़ी निंदा की। पत्रकारों का कहना है कि अगर दोषी चिकित्सक और उनके सहयोगियों पर तीन दिन के भीतर तत्काल सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो जिलेभर में आंदोलन छेड़ा जाएगा। पत्रकार यूनियन ने स्पष्ट कहा कि यह सिर्फ पत्रकारों की सुरक्षा का मुद्दा नहीं, बल्कि लोकतंत्र में स्वतंत्र मीडिया की गरिमा और जनता के सूचना के अधिकार का सवाल है।

# रामपुर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व मनाया गया

वेलकम इंडिया



**रामपुर।** मा0 जनप्रतिनिधि एवं पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा पुलिस परिवार सहित रिजर्व लाइन, रामपुर में श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व मनाया गया ।इस अवसर पर पूजा-अर्चना की गई तथा छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कृष्ण लीलाओं ने सभी को भावविभोर कर दिया ।पुलिस अधीक्षक, रामपुर श्री विद्यासागर मिश्र एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती पूनम मिश्र द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कृष्ण लीलाओं से सभी को मोहित करने वाले नन्हे कलाकारों को उपहार स्वरूप सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक , रामपुर एवं क्षेत्राधिकारी लाइन/प्रशिक्षणाधीन मौजूद रहे ।

# बाल कल्याण विद्या मन्दिर मे स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया : आकांक्षा चौहान



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर :** 79वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बाल कल्याण विद्या मन्दिर इण्टर कालेज रामोरूपपुर बिजनौर मे स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम ब्लॉक प्रमुख एव विद्यालय की प्रबंधिका आकांक्षा चौहान ने भारत मां को पुष्प अर्पण कर वीरों को श्रद्धांजलि दी एवम् ध्वजारोहण कर भारत माता के वीर सपूतों और देश के महान क्रांतिकारियों के बलिदान तथा उनके त्याग, समर्पण को याद किया। तत्पश्चात प्रधानाचार्य रामोतार ने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस, हमारे संविधान एवं मौलिक कर्तव्य आदि पर दिशा निर्देश दिए। भारत मां को स्वतंत्र करने के लिए बलिदान हुए वीर सपूतो एवम् देश के सैनिकों का स्मरण करते हुए और अपने देश की संस्कृति को दशार्ते हुए बहुत अच्छी परेड मार्च का प्रदर्शन किया ।

# टाण्डा में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया

वेलकम इंडिया



**टाण्डा।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस का पावन पर्व पूरे धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।सरकारी व अर्ध-सरकारी कार्यालयों, स्कूलों और कॉलेजों में निर्धारित समय पर ध्वजारोहण किया गया। नगरपालिका कार्यालय में पालिकाध्यक्ष साहिबा सरफराज ने ध्वज फहराकर समारोह की शुरूआत की।इस अवसर पर उन्होंने वीर सपूतों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि बिना किसी भेदभाव के नगर का विकास कराना हमारी प्राथमिकता है। वरिष्ठ सभासद एम सगीर ने सुझाव दिया कि पालिकाध्यक्ष और ईओ नगर का भ्रमण कर जहां अधिक जरूरत हो,वहां प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य कराएं। समारोह में ईओ वंदना शर्मा, अध्यक्ष प्रतिनिधि हाजी सरफराज आलम, वरिष्ठ लिपिक धनीराम सैनी, लेखा लिपिक शुभम भारती, सभासद तस्लीम पहलवान, महमूद नायक, मतलूब मुन्ना, नेता अफसर अली और मोहम्मद शफीक सहित आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। स्कूलों और कॉलेजों में ध्वजारोहण के बाद छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।देशभक्ति गीतों, नृत्यों और नाटकों ने सभी के मन को जोश से भर दिया। स्थानीय तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी राजकुमार भास्कर ने पूरे शान के साथ ध्वज फहराया।

अपने संबोधन में उन्होंने और तहसीलदार निश्चय कुमार ने आजादी के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, देशप्रेम और वतन से सच्ची मोहब्बत सबसे बड़ी इंसानियत है। देश की एकता, तरक्की और खुशहाली के लिए वफादारी और समर्पण जरूरी है। इस अवसर पर लेखपाल मोहम्मद इमरान, नवीन कांबोज सहित भाकियू के नगर अध्यक्ष मजहर अली लाला, जिला सचिव साबिर अली, फरीद खां, हसीन खां, पूरन सिंह, नजाकत अली, मोहम्मद रफीक, जावेद, इंतिजार अली, फिरासत अली गामा और हसीब आदि मौजूद रहे।

# नंद में आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**नजीबाबाद।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व नगर में धूमधाम से मनाया गया।इस खास मौके पर रंग-बिरंगी विद्युत साज सज्जा से नगर के सभी छोटे - बड़े मंदिरों को सजाया गया। सभी मंदिरों में भजन कीर्तन व सुंदर-सुंदर झांकियां सजाई गई। बताते चले कि यह पर्व भगवान श्री कृष्ण जी के जन्म उत्सव के उपलक्ष में मनाया जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, श्री कृष्ण जन्माष्टमी भाद्रपद महीने की कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। शाम होते ही भक्तगण मंदिरों के दर्शन करने पहुंचे व रामडोल में बैठे लड्डू गोपाल को झूला झूलाया। जहां उन्होंने भजन कीर्तन का आनंद लिया व सुंदर-सुंदर झांकियों श्रद्धालुओं को आकर्षित किया। मंदिरों में कई ऐसे नन्हे बच्चे देखने को मिले जो श्री कृष्णा और राधा रानी की पोशाक में अपने परिजनों के साथ आए थे। नगर के सभी छोटे-बड़े मंदिरों में भगवान कृष्ण और राधा रानी के जयकारे लगाए गए। नगर में भगवान श्री कृष्ण महोत्सव की ऐसी रसदार बही की चारों ओर नगर का वातावरण कृष्ण मय हो गया। रात्रि 12 बजे कान्हा जी के बाल स्वरूप का पंचामृत स्नान कराया गया इसके पश्चात आरती एवं भगवान को भोग लगाकर सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

# कैलाशपुर उपखंण्ड कार्यालय सहित क्षेत्र के सभी बिजली घरों में किया गया ध्वजारोहण

वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी



**सहारनपुर, गागलहेडी।** एसडीओ अंकित त्यागी कैलाशपुर ने 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उपखंण्ड कार्यालय पर अपने स्टाफ सहित सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि देश की स्वतंत्रता और भारतवासी होने पर गर्व महसूस करें। देश के वीर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को नमन है जिन्होंने देश को आजादी दिलाई प्रत्येक नागरिक देश को आगे बढाने के लिए अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए राष्ट्रप्रथम की भावना से कार्य करना चाहिए। अवर अभियंता अमित कुमार ने कहा हम स्वतंत्रता के वीर शहीदों को इस दिन याद करते हैं ।जिन्होंने त्याग एवं बलिदान देकर शहीद हुए ।आज का दिन अन्तर्मन से विचार कर सोचने का है इसके साथ ही भविष्य में देश को आगे बढाने के लिए हम क्या कर सकते है हमें भारतीय होने पर गर्व है ।जेई अमित कुमार ने सभी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब जनसेवक है, हम लापरवाही न करें। अपने कार्यो के प्रति आत्मचिंतन करें और निरंतर बेहतर कार्य करें।

# 79वें स्वतंत्रता दिवस पर समाजसेवी की अगुवाई में युवाओं ने निकाली बाइक रैली

असदुल्लाह सिद्दीकी

**बांसी/सिद्धार्थनगर।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बांसी नगर में युवा समाजसेवी अमय पाण्डेय के नेतृत्व में युवाओं ने भव्य बाइक रैली निकालकर देशभक्ति का अनूठा प्रदर्शन किया।हाथों में तिरंगा थामे युवा टीम पूरे उत्साह और जोश के साथ सड़कों पर उतरे तो नगर ₹भारत माता की जय₹ और ₹वंदे मातरम्₹ के नारों से गूंज उठा ।बाइक रैली की शुरूआत आजाद चौक से हुई। पेट्रोल पंप तिराहा, तहसील बांसी, रोडवेज, नरकटहा, रानीगंज, नगरपालिका कार्यालय होते हुए मंगल बाजार पहुँची और पुनः आजाद चौक पर समापन हुआ। पूरे मार्ग में लोगों ने तिरंगे और जयघोष के साथ युवाओं का उत्साहवर्धन किया। नगर का माहौल देशभक्ति से सराबोर बाइक रैली में शामिल युवाओं ने न केवल तिरंगा लहराया बल्कि स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।बाइक रैली में अमय पाण्डेय, सूरज पाठक, अजीत तिवारी, मयंक, गोलू, रमजान पठान, साजिद (सोनू फैशन फीवर), ऐमान, अख्तर, नौमान, मोसिन, अश्वनी मिश्र, डॉ. गिरीश द्विवेदी, अनुज दुबे, धर्मेंद्र मिश्र, मलखान निषाद, अरविंद कुमार, शिवम सिंह, करण मौर्य, चंद्रशेखर चौधरी, आतिर, समाल, मंगल चौरसिया, कुबेर बारी, सौरभ सिंह सहित टीम 6292 के सभी सदस्य और बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए।युवाओं ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि शहीदों के बलिदान को याद करने और राष्ट्रनिर्माण में योगदान देने का अवसर है।रैली के माध्यम से संदेश दिया गया कि आज का युवा देश के विकास और एकता-अखंडता के लिए हर समय तत्पर है।

# राजाराम पब्लिक स्कूल ग्राम गडौला में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी



**सहारनपुर/गडौला।** राजाराम पब्लिक स्कूल ग्राम गडौला में स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान राज राम पब्लिक स्कूल के प्रबंधक उपेंद्र चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी ग्राम वासियों व देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इसके अलावा 15 अगस्त धूमधाम से मनाते हुए भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। स्कूल प्रबंधक उपेंद्र चौधरी ने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस का महत्व समझाते हुए कहा कि गुलामी से मुक्ति दिलाने के लिए हमारे वीर सेनानियों ने हंसते हंसते अपने प्राणों की आहूति देकर हमें स्वतंत्रता दिलाई ।यह दिन हम सभी के लिए स्मरणीय है। राजाराम पब्लिक स्कूल अध्यक्ष प्रदीप कुमार ने मंच पर बोलते हुए कहा आज हम आजादी दिलाने वाले सभी देशभक्तों को शत शत नमन करना चाहिए।इस मौके पर चौधरी राकेश प्रधान ग्राम गडौला ने समस्त ग्राम वासियों व देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस मौके पर राधेश्याम जी चौधरी विजयपाल सिंह चौधरी रामपाल सिंह डॉक्टर पहल सिंह चौधरी रमेश पहलवान चौधरी कृपाल सिंह चौधरी मांगेराम चौधरी कल्याण सिंह चौधरी राकेश प्रधान चौधरी पवन आर्य चौधरी लक्ष्मण सिंह व चौधरी करण सिंह व रविंद्र कुमार पुलकित व शिक्षक गण मौजूद रहे।

# धूमधाम के साथ तारीखी बन गया जिला अस्पताल रामपुर में स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम

वेलकम इंडिया



**रामपुर।** 79 वां स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम जिला अस्पताल रामपुर में कुछ अनोखे अंदाज में मनाया गया। ऐसा कार्यक्रम पहली बार जिला अस्पताल की तारीख में हुआ था जिसे देख कर सभी हैरत में थे, सुबह सवेरे पहले सफाई अभियान चलाया गया।कार्यक्रम को जन गण मन अधिनायक से आरंभ किया गया। देश के लिए बलिदान देने वाले शहीदों को नमन किया गया ।इस बीच सीएमएस डॉ डी के वर्मा कुछ भावुक हो गए।पहले मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ देवेंद्र कुमार वर्मा ने आजादी का अमृत महोत्सव 5 कबूतर और पांच चिड़ियों को आजाद किया। जिला अस्पताल परिसर में 5 हरे पेड़-पौधे लगाए,रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच प्रोगाम में सुवाद पैदा करने के लिए सीएमएस डॉ डी के वर्मा ने खुद 5 देशभक्ति के सुंदर गीत गाए और 5 महीनों में 5 बेहतरीन कार्य करने वाले कर्मचारी मुजीब अहमद, रवि, विजय, राजीव कुमार और राजेश कुमार को इनामात देकर उन्हें सम्मानित करके भविष्य में मजीद अचछे कार्य करने की सलाह दी। इस खूबसूरत कार्यक्रम का संचालन हरीश धोनी ने किया। 8:00 बजे जिला अस्पताल रामपुर की खूबसूरत इमारत पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ देवेंद्र कुमार वर्मा ने ध्वजारोहण किया और झंडे को सलामी दी।इस अवसर पर सीएमएस ने 250 से ज्यादा स्टाफ को खिताब करते हुए कहा कि आजादी एक बहुत बड़ी नेमत है।हमें खुशी है हम आज आजाद भारत का 79 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मना रहे हैं।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने निकाली तिरंगा रैली

वेलकम इंडिया



**रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल कार्यालय तिलक नगर कॉलोनी से प्रारंभ होकर बापू मॉल ,जच्चा बच्चा चौराहा, मिस्टनगंज चौराहा, अनाज मंडी चौराहा से होकर गांधी समाधि पर तिरंगा यात्रा संपन्न हुई इसमें संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी के निर्देशन में तिरंगा यात्रा संपन्न हुई और कहा कि यह तिरंगा पर्व है और हम इसे हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं साथ ही हमने ध्वजारोहण अपने कार्यालय पर करके तिरंगा रैली का शुभारंभ किया है इस तिरंगा रैली में हजारों की संख्या में व्यापारी व पदाधिकारी शामिल हुए हैं रामपुर की सड़कों पर तिरंगा यात्रा निकालकर एकता एवं भाईचारे के मिसाल कायम की है सभी व्यापारी अपने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जयकारों के साथ तिरंगा यात्रा को संपन्न करायेगे इस तिरंगा यात्रा में जगह-जगह चौराहा पर व्यापारियों ने संदीप अग्रवाल सोनी का फूल व माला डालकर स्वागत किया और व्यापारियों की रैली में मौजूद युवाओं पर भी फूलों वरसे स्वतंत्रता दिवस पर निकाली रैली को व्यापारियों की भीड़ ने आजादी के रंग में रंग कर देशभक्ति की भावना को दिखाया है इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा, युवा जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अब्दुल बासिक, प्रदेश मंत्री पप्पू खान, प्रदेश संगठन मंत्री फहीम अली, शाहाबाद अध्यक्ष अब्दुल समी, बिलासपुर नगर अध्यक्ष अनस खान, स्वार नगर अध्यक्ष अनवर अली,प्रचार मंत्री मंसूर खान उर्फ ( शब्बू)शादाब खान जिला प्रचार मंत्री शहाब खान जिला सचिव खान ,मिलक नगर अध्यक्ष राजू गुप्ता, भुवनेश्वर भार्गव, युवा नगर अध्यक्ष पुलकित अग्रवाल ,शीवू खान , दिलशाद अहमद, साहाब खान, शादाब खान, बाबू खान, शाहिद खान, प्रवीण गुर्जर मीडिया प्रभारी आदि सैकड़ो की संख्या में व्यापारी व पदाधिकारी मौजूद रहे ।

# एनयूजे प्रयागराज ने किया सुभाष प्रतिमा स्थल पर ध्वजा रोहण

वेलकम इंडिया

नेशनल यूनियन आँफ जर्नलिस्ट प्रयागराज इकाई ने आज धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोशिएशन के अध्यक्ष राकेश पान्डेय रहे। कार्यक्रम के शुरूआत मे मुख्य अतिथि राकेश पान्डेय को अशोक स्तंभ प्रतीक चिन्ह देकर कार्यक्रम मे स्वागत दिया। आजादी के आन्दोलन के महानायक महात्मा गांधी, सुभाष चन्द्र बोस, शहीद चद्रंशेखर आजाद, शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरू, अशफाक उल्ला खां, खुदीराम बोस, रोशन सिंह तथा अन्य शहीदो को नमनः कर याद किया तथा आजादी के महानायक नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के प्रतिमा स्थल पर मुख्य अतिथि हाईकोर्ट बार अध्यक्ष राकेश पान्डेय ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण बाद सिविल लाइंस स्थित होटल यू आर में आजादी के




आन्दोलन तथा शहीदो का देश के प्रति त्याग और बलिदानै पर एक विचार गोष्ठी आयोजित की गयी। तथा नए पदाधिकारियो तथा कार्यकारिणी सद्स्यों तथा सामान्य सदस्यों का आई कार्ड संरक्षक परवेज आलम तथा जिला अध्यक्ष कुन्दन श्रीवास्तव दूारा वितरित किया गया। विचार गोष्ठी संरक्षक परवेज आलम की उपस्थित मे अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कुन्दन श्रीवास्तव ने की। विचार गोष्ठी मे बोलते हुए संरक्षक परवेज आलम ने कहा कि आज हम आजाद है तो इन महान देशभक्तों के त्याग और बलिदान की देन है। विचार गोष्ठी मे बोलते हुए संगठन मंत्री अखिलेश शुक्ला ने कहा कि हमारे महान देशभक्तों का एक सपना अखंड समृदशाली भारत का निमाणॅ करना। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष कुन्दन श्रीवास्तव ने कहा महात्मा गांधी, नेता जी सुभाष चन्द्र बोस, अमर शहीद चद्रंशेखर आजाद, शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरू, तशफाक उल्ला खां, खुदीराम बोस, रोशन सिंह तथा अन्य शहीदो के देश के प्रति त्याग और बलिदान की भावना से आज का युवा सीखे तथा अखंड भारत समृदशाली भारत बनाने मे इमान्दारी से देश सेवा करे। हमे जाति धर्मॅ से उपर उठ कर आजादी के शहीदो के सपनो का साकार करना होगा। ध्वजा रोहण तथा विचार गोष्ठी मे उपस्थित सर्वश्री राकेश पान्डेय मुख्यअतिथी हाई कोटॅ बार अध्यक्ष परवेज आलम कुन्दन श्रीवास्तव उमेश श्रीवास्तव अखिलेश शुक्ला डॉ सुधाकर पान्डेय चित्रांशी यादव आयुष श्रीवास्तव धर्मेद्रं कुमार श्रीवास्तव बीरेद्रं कुमार श्रीवास्तव बी के यादव वृजेश केसरवानी जिया सिदीकी असद कुरैशी शनि केसरवानी कुलदीप सिंह रामबाबू रंजीत निषाद शिव पान्डेय मो नसीमअशरफ अली नफीस अहमद देवाशीष श्रीवास्तव मनोज कुमार जीतेद्रं सिंह अनिल त्रिपाठी मो सैय्यद हनीफ गौरव त्रिपाठी मो शकील खान पवन देव अमित श्रीवास्तव आनन्द श्रीवास्तव शिव जी मालवीय सत्यम निषाद अजय सिंह शाहिद खान रतन शुक्ला मूल चद्र भारती राम कैलाश कन्नौजिया शहनवाज अहमद मो औसाफ हुसैन अनिरूद त्रिपाठी जी एन वर्मा बी सी पान्डेय देव नारायण यादव आदि रहे।

## आदर्श कामिनी शिक्षा निकेतन गर्ल्स इंटर कॉलेज में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह

वेलकम इंडिया




**मथुरा/गोवर्धन।** देश भर में स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रमों का उल्लास रहा, क्षेत्र के आदर्श कामिनी शिक्षा निकेतन गर्ल्स इंटर कॉलेज गोवर्धन में भी छात्र झ छात्राओं ने हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया, यह वही दिन है जिसके लिए लाखोंझकरोड़ों वीरों ने अपनी जान न्योछावर कर दी थी। कार्यक्रम की शुरूआत झंडारोहण के साथ हुई, विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूर्णिमा कौशिक ने ध्वजारोहण करके तिरंगे को सलामी दी। नन्हें मुन्नों से लेकर बड़े छात्र और सभी शिक्षकों में उमंग का संचार हो चुका था, क्योंकि कल जन्माष्टमी का महा पर्व है इसलिए मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें लड़के और लड़कियों की 2 टीमों ने भाग लिया, इसके बाद सभी ने श्रीराम सभागार में अपना अपना स्थान ग्रहण किया। स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ और उसके बाद देशभक्ति की ऐसी धारा बहती रही कि थमने का नाम ही नहीं लिया। कार्यक्रम में पूर्व वर्ष 2024-25 के टॉपरों को भी सम्मान किया गया, जिसमें कक्षा 12 में अव्वल आने वाली आयुषी, हिमांशी और संध्या रहीं और कक्षा 10 में प्रथम आने वाली लक्ष्मी, वंशिका, छाया और राधा को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की खास झलक रही मम्मी पापा के ऊपर छात्र छात्राओं की प्रस्तुति, जिसमें वो हमें मां बाप के प्यार को न बांटने की सलाह दे रहे हैं। इस अवसर पर प्रबंधक दानबिहारी शर्मा, दिलीप कौशिक, वनविहारी भारद्वाज, दीनदयाल, सुरेश कौशिक, श्रीमती नूतन शर्मा, योगेश शुक्ला, खगेंद्र कौशिक, चित्रांश, नरेश, चन्द्रशेखर वर्मा, श्याम, देवकुमार, रामाचल, श्रीमती शालिनी, श्रीमती अर्चना, श्रीमती पूनम, श्रीमती कमलेश, श्रीमती रुचि, श्रीमती सीमा, श्रीमती अर्चना, श्रीमती रोमिता, श्रीमती प्रीति, श्रीमती कृष्णा, कु. चंचल, कु. चंचल दास, कु. पूनम, कु.पूजा एवं अन्य शिक्षणगण उपस्थित रहे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया श्री कृष्ण जन्मोत्सव का पर्व

**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार नगर पंचायत बिस्कोहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। अधिकतर लोगों ने व्रत रखा। आधी रात को 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्म लेते ही लोगों ने सोहर गाए व पूजन–अर्चन की। प्रसाद लोगों के बीच वितरित किए गए। मंदिरों में भजन कीर्तन से समूचा माहौल भक्तिमय हो गया। इस दौरान बिस्कोहर नगर वार्ड नंबर 13 पंडित दयाल नगर उत्तर यादव डिहवा स्थित काली मंदिर, वार्ड नंबर 12 परशुराम नगर के मुख्य कस्बा के केतार शिव मंदिर व चौक रोड स्थित रस्तोगी शिव मंदिर पर आकर्षक ढंग से झाकियां सजाई गई थी। रात बारह बजे भगवान के जन्म लेते ही घंटे बजने लगे और भए प्रगट कृपाला की गूंज मंदिरों में गूंजने की लगी। महिलाओं ने सोहर गाया और नृत्य किया। इस मौके पर पंडित वीरेन्द्र मणि त्रिपाठी, राधेश्याम उर्फ पंडित यादव, किशन रावत, रोहित यादव, बब्बू यादव, राम बहाल यादव, राजेश कौशल, रोहित कसौधन, जय गुप्ता, विजय गुप्ता, राजाबाबू कौशल, सुजीत कौशल आदि मौजूद रहें।

## स्वतंत्रता दिवस पर सरकारी विद्यालयों के साथ निजी अस्पतालों में भी फहराया गया तिरंगा

**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कंपोजिट विद्यालय बड़हरा विशुनपुर में व बिस्कोहर नगर स्थित नईमा हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर में शुक्रवार को ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान अध्यापकों, बच्चों और चिकित्सकों ने राष्ट्रगान गाया। कंपोजिट विद्यालय में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करके अतिथियों का मन मोह लिया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक बब्बन यादव, बिस्कोहर में डा. अफजाल, सभासद शाहिद अजीज, मोहम्मद शाद, बबलू शाह, बुद्धि कौशल, पंकज, अमित, उमेश आदि मौजूद रहे।




## भगवान श्रीकृष्ण ही पूर्ण परमात्मा : श्री चंचलापति

वेलकम इंडिया



**मथुरा/वृन्दावन।** भक्तिवेदांत स्वामी मार्ग स्थित वृन्दावन चंद्रोदय मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण का अवतरण दिवस जन्माष्टमी आध्यात्मिक उत्साह और दिव्य भक्ति भाव के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर को भक्तों ने विभिन्न पुष्पों से सुसज्जित किया, जिससे पूरा वातावरण मनोहर हो उठा।

उत्सव के मुख्य आकर्षणों में लड्डू गोपाल अभिषेक, छप्पन भोग, विशेष पोशाक धारण, झूलन उत्सव, भजन संध्या और हरिनाम संकीर्तन शामिल रहे। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान श्रीश्री राधा वृन्दावन चंद्र का महाभिषेक पंचगव्य (दूध, दही, घी, शहद, मिश्री), 108 प्रकार के फलों के रस, औषधियों और पुष्पों से किया गया। इस अवसर पर हरे-श्याम रंग के रेशमी और चांदी की कढ़ाईयुक्त वस्त्र पहनाए गए, वहीं निताई गौरांग को विशेष अलंकरण और पुष्पमालाओं से सजाया गया। मंदिर अध्यक्ष श्री चंचलापति दास ने अपने संबोधन में ब्रह्मसंहिता के श्लोक

ईश्वरः परमः कृष्णः सच्चिदानंद विग्रहः। अनादिरादिर्गोविंदः सर्वकारणकारणम का भावार्थ बताते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ही पूर्ण परमात्मा हैं। उनका शरीर शाश्वत और आध्यात्मिक है, जिसका न आदि है और न अंत। वे ही सभी कारणों के मूल कारण हैं। उन्होंने श्रीमद्भगवद् गीता (7.19) का उल्लेख करते हुए कहा कि अनेक जन्मों के बाद, जो वास्तव में ज्ञानवान होता है, वह भगवान को सभी कारणों का कारण जानकर उनकी शरण में आता है और ऐसी महान आत्मा अत्यंत दुर्लभ होती है। रात 12 बजे जैसे ही भगवान्‌-श्रीकृष्ण के जन्म का समय हुआ, सम्पूर्ण मंदिर परिसर श्रीकृष्ण के जयकारों और हरिनाम संकीर्तन से गूंज उठा। भक्तगण स्वाती मिश्रा द्वारा प्रस्तुत भजनों से भाव-विभोर हो गए। वातावरण इत्र और प्राकृतिक सुगंधित अगरबत्तियों से सुवासित था। भक्त एवं श्रद्धालुओं ने गौड़ीय वैष्णव संगीत में भाग लेकर आध्यात्मिक आनंद का अनुभव किया। इस पावन अवसर पर लखनऊ, आगरा, दिल्ली, जयपुर सहित देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और गणमान्य व्यक्ति वृन्दावन पहुंचे।

## जिला किसान कोंग्रेस ने मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** जिला किसान कांग्रेस के द्वारा नरसीपुरम स्थित कैम्प कार्यालय पर किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ठाकुर नरेश पाल सिंह जसावत की अध्यक्षता में 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष व वर्तमान में अलीगढ़ महानगर कांग्रेस के कोऑर्डिनेटर चौधरी भगवान सिंह वर्मा शामिल हुए। किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ठाकुर नरेश पाल सिंह जसावत के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चौधरी भगवान सिंह वर्मा के द्वारा किसान कांग्रेस के कार्यकताओं व वरिष्ठ कांग्रेसी को संबोधित किया और कहा कि आज हम अपना 79 वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं और यह हमारे लिए काफी गर्व की बात है। आज हम स्वतंत्र भारत मे रह रहे हैं, हमारे देश ने काफी वर्ष गुलामी में बिताये है, हमें अपने देश की एकता व अखंडता को बनाए रखना है, साथ ही साथ लोकतंत्र की भी रक्षा करनी है। इसके लिए चाहे हमें कितनी भी बड़ी कुबार्नी क्यों ना देनी पड़े। किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ठाकुर नरेश पाल सिंह जसावत के द्वारा अपने अध्यक्षीय संबोधन में कार्यकताओं व देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी तथा उनके द्वारा भारत के स्वाधीनता आंदोलन प्रकाश डाला गया। जैसा कि हमें मालूम है काफी शहादत व संघर्ष के बाद हमको आजादी के पल 15 अगस्त वर्ष 1947 में मिले अंग्रेज जो भारत में व्यापार करने के लिए आये और उन्होंने भारत के अंदर जातिवाद धर्मवाद के नाम पर इस तरह से नफरत का बीज बोया कि उनके द्वारा वर्ष 1757 में अपनी सेना को खड़ा कर लिया और प्लासी का युद्ध जो कि अंग्रेजो के द्वारा भारत पर कब्जा करने की पहली लड़ाई थी बंगाल के नवाब सिराजुद्दौला के कुछ योद्धाओं को लालच देकर अपनी तरफ मिला लिया और बंगाल पर कब्जा कर लिया जिसके बाद अंग्रेजों द्वारा पूरे देश में इसी तरह से फूट डालते व लालच देते हुए पूरे देश पर कब्जा कर लिया।

## देशभक्ति कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया 79 वां स्वतंत्रता दिवस



वेलकम इंडिया

**जहांगीराबाद।** देश मे आजादी के 79 वें स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति कार्यक्रमों के साथ विद्यालय परिसरों व नगर पालिका परिषद में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर महापुरुषों की प्रतिमाओं मालार्पण भी किया गया। दिन शुक्रवार को 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तिरंगा यात्रा कार्यक्रमों के चलते नगर के शिवकुमार अग्रवाल जनता इण्टर कॉलिज में प्रबंधक सुरेंद्र अग्रवाल व प्रधानाचार्य सीपी अग्रवाल ने सयुंक्त रूप से ध्वजारोहण कर मां सरस्वती के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रमों का शुभारंभ किया तो वहीं सरस्वती शिशु मंदिर में डॉ देवेंद्र गर्ग ने मुख्यातिथि के रूप में व डॉ नीरज अग्रवाल ने सयुंक्त रूप से ध्वजारोहण किया। बीके सी.से. पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य रीता शर्मा व प्रबन्धक नरेन्द्र शर्मा, बीपीएएस इण्टर कॉलिज में प्रबन्धक चेतन प्रताप सिंह व प्रधानाचार्य ने व नेशनल पब्लिक स्कूल में मुख्यातिथि भाजपा नेता सुदेश भारद्वाज ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने देश भक्ति पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। वहीं नगर पालिका परिषर में अधिशासी अधिकारी मणीजी सैनी व पालिकाध्यक्ष किशन पाल सिंह व पालिका एसआई रोहित सिंह व सभासदों आदि ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गाया।

वहीं वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति की अध्यक्ष मोनिका वार्ष्णेय ने समिति की सदस्याओं के साथ आर्य समाज स्कूल में बच्चों को पुस्तकें वितरण की और देश के शहीदों के बलिदान पर प्रकाश डाला और भावी पीढ़ी का मार्गदर्शन किया। इसी क्रम में कोतवाली परिषर में प्रभारी रामफल सिंह ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी।

## एसएसबी प्रशिक्षण केंद्र ग्वालदम में हुआ बृहद वृक्षारोपण

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** दिनेश नेगी, बागेश्वर-चमोली जिले की सीमा पर स्थित ससस्त्र सीमा बल, प्रशिक्षण केंद्र ग्वालदम परिसर में बृहद वृक्षारोपण का आयोजन किया गया।वृक्ष मित्र किशन सिंह मलड़ा के सौजन्य से परिसर में एक हजार से अधिक पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ससस्त्र सीमा बल के डीआईजी डीएन भोम्बे, और सैन्य अधिकारी जवानों, वन विभाग के कर्मचारियों और रेड क्रॉस सोसायटी के सदस्यों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौध लगाये गये। वृक्ष मित्र मलड़ा ने सभी अधिकारियों




कर्मियों को पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने और अपने और अपनों के नाम पर अवश्य एक पेड़ लगाकर उसका संरक्षण करने की अपील की।इस दौरान रेड क्रॉस सोसायटी से जुड़े सदस्य मौजूद थे।

## दिनेश नगर पिलखुवा में बड़ी धूमधाम से मनाया गया 79 वा स्वतंत्रता दिवस

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ

हापुड़ जनपद हापुड़ के दिनेश नगर पिलखुवा में सैकड़ों महिलाओं व पुरषों ने मिलकर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पूरे दिनेशनगर में प्रभात फैरी निकाली और दिनेश नगर अपार्टमेंट एसोसियन के अध्यक्ष चौधरी श्रीनिवास तेवतिया और सभी पधादिकारी ने सभी सम्मानित दिनेश नगर के निवासीओ के साथ मिलकर झंडा ध्योजरण किया।

बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किए और बच्चों को पुरष्कार वितरण किया गया । इस अवसर पर, निर्मल राणा, सुमित सारस्वत, हरेश मित्तल, भ्रमपाल, प्रमोद



रावत, नीतू सिंह, सोमा अत्रि, सतेंद्र सिंह, रूपेश आर्या, सगीर अहमद, देवेंदु तोमर, सुभाष गुप्ता, रमन तिवारी, भूपेश दुबे सुधीर शर्मा और सभी दिनेश नगर वासी उपस्थित रहे ।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व.महेन्द्र सिंह करायत राउमांवि कराला पालड़ी में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व.महेन्द्र सिंह करायत राउमावि कराला पालड़ी में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय में राष्ट्रगान के साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी और क्षेपं सदस्य फौजी फतेह सिंह करायत ने पूज्य महात्मा गांधी और अपने पिता की स्मृति में माल्यार्पण कर उन्हें प्रणाम किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। उसके बाद झंडा रोहण किया। झंडारोहण के पश्चात उन्होंने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए देश को स्वतंत्रता दिलाने में योगदान देने वाले सेनानियों को याद करते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया।वही दृढ़ संकल्प लेते हुए क्षेत्रीय जनता की जनभावनाओं के अनुरूप क्षेत्रीय




विकास के लिए कार्य करने और अपने पिता जी के सपनों को साकार करने की बात कही।अपने विचार व्यक्त कर सभी अभिभावकों और क्षेत्रवासियों द्वारा स्कूल के उच्चीकरण करने हेतू मांग की साथ ही क्लस्टर के तहत विद्यालय को पूर्ववत यही पर संचालित करने के लिए संघर्ष करने की बात कही। उन्होंने कहा कि वे लगातार क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करते रहेंगे।कुछ समस्याएं शासन में लंबित होने की बात कहते हुए उन्हें जल्द स्वीकृत कराने के लिए क्षेत्रीय विधायक और अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर मुख्यमंत्री जी से मिलकर उनका समाधान करने की बात कही। विद्यालय में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए।जिसके बाद बच्चों को मिष्ठान ओर पुरस्कार वितरण किया गया।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान हेमा करायत ,विद्यालय प्रबंधक समिति अध्यक्ष ममता करायत प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार, हरीश जनोटी, पालीबगड़ प्रधान नंदन सिंह, पूर्व प्रधान ठाकुर सिंह, धर्म सिंह जनोटी सहित माताए- बहिनें बुजुर्ग इत्यादि लोग मौजूद थे।

## गौरव सम्मान से सम्मानित हुए बेखौफ शायर




वेलकम इंडिया

हापुड़ जनपद हापुड़ में बेबाक शायरी और निर्भीक अंदाज के लिए जाने माने ग्राम मुरादपुर की सागर कालोनी में रहने वाले बेखौफ शायर डा.नरेश कुमार 'सागर' को स्वतंत्रता दिवस की 79 वी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में उन्हें एक सामाजिक संस्था ने हापुड़ गौरव सम्मान से सम्मानित किया।डा. नरेश सागर ने इस सम्मान को पाकर जहां खुशी व्यक्त करते हुए इस संस्था का आभार व्यक्त किया तो वहीं उन्होंने बड़े दुःखद अंदाज में ये भी कहा कि मैंने इस शहर को बड़ी ईमानदारी और बफादारी के 27 साल दिये मगर शहर के लोगों ने मुझे हमेशा उन चीजों से दूर रखा जिनका मैं हकदार था। अफसोस किसी ने, मेरे कांधे पर हाथ नहीं रक्खा।।मैं बराबर लड़ता रहा,इस शहर की पगड़ी के लिए।फिर भी किसी ने, मेरे सर पर हाथ नहीं रक्खा।।उपस्थित लोगों में एस.आई. अशोक कुमार, प्रतिभा चौधरी, आरिफ अली, डा. संजीव कुमार, नसीम अहमद,सौफिया, धीरेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

# डा एपीजे अब्दुल कलाम चौक पर किया गया ध्वजारोहण

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**

हापुड़ डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा 15 अगस्त 2025 स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर पर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम चौक सिकंदर गेट हापुड पर भाजपा के निर्वतमान जिला अध्यक्ष उमेश राणा व सोसाइटी के चेयरमैन मौ दानिश कुरेशी के द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया गया, ध्वजारोहण करने के बाद डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वैलफेयर सोसायटी की सोसाइटी के उप मुख्य संरक्षक श्री सुनील कुमार श्रीवास्तव जी के दिशा निदेशों के क्रम में सोसायटी की बैठक आयोजित की गई जिसमें निर्णय लिया गया कि 15 अक्टूबर 2025 को पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम साहब के जन्मदिन के शुभ अवसर पर पूर्व राष्ट्रपति जी की प्रतिमा स्टेचू सोसाइटी अपने निजी खर्चे व जनसहयोग पर लगवाऐगी जिसकी पिछले चार माह से तैयारी चल रही है, सोसायटी के चेयरमैन मौ दानिश कुरेशी ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 सितंबर 2020 को नगर पालिका परिषद हापुड़ की बोर्ड बैठक के प्रस्ताव संख्या 62 में पूर्व राष्ट्रपति जी सहित दो स्टैचू प्रतिमाएं स्वीकृत की गई थी, कलाम साहब की स्टेचू छोड़कर बाकी की स्टेचू की स्थापना की जा चुकी है, कलाम साहब की स्टेचू प्रतिमा सोसाइटी अपने स्वम व जनसहयोग के खर्चे पर 15 अक्टूबर 2025 को लगवाएगी, जिसमें भारत सरकार के कैबिनेट मंत्री व संवैधानिक पद पर तैनात महानुभावों के साथ-साथ वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों के द्वारा भाग लिया जाएगा, इस मौके पर सोसायटी चेयरमैन मौ दानिश कुरेशी, प्रबंधक आसिफ मेवाती, कोषाध्यक्ष डा दिलशाद चौधरी, डिप्टी मैनेजर वसी मोहम्मद, अकरम अब्बासी, आरिफ त्यागी, इलियास अल्वी, शाहनवाज सैफी, डा असद सिद्दीकी, डा आमिर, राशिद अली आदि उपस्थित रहे।



## पत्नी पीड़ित दलित सपा नेता ने लगाई फांसी, मृत्यु पूर्व बनाया वीडियो वायरल, हुई एफआईआर

**बुलंदशहर।** खुर्जा क्षेत्र में एक और पत्नी पीड़ित पति द्वारा आत्म हत्या किए जाने का मामला उस समय प्रकाश में आया जब आत्महत्या के बाद सोहित की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई। वायल वीडियो में सोहित ने दावा किया कि प्रेम विवाह करने के बावजूद उसकी पत्नी लिव इन रिलेशन शिप में रह रही थी और रोकने पर शोषण करने लगी, तलाक मांगने लगी। हालांकि मामले को लेकर खुर्जा की सीओ०पूर्णिमा सिंह ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर मृतक की पत्नी, उसके प्रेमी और भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। खुर्जा निवासी सोहित सपा की अम्बेडकर वाहिनी का प्रदेश सचिव बताया जाता है। सोहित की बहन पूजा ने बताया कि सोहित ने तमन्ना से 4 साल पूर्व प्रेम विवाह किया था, लेकिन गत दिवस सोहित ने पत्नी और उसके परिजनों के उत्पीड़न से त्रस्त होकर घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# किडजी एवं जेड बी स्कूल में ध्वजारोहण, नायाब तहसीलदार का सम्मान

**वेलकम इंडिया**

**मेरठ।** शांति कालोनी स्थित किडजी एवं जेड बी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे नायाब तहसीलदार सचिन चौधरी ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तिरंगा फहरते ही पूरे प्रांगण में भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष गूंज उठे। ध्वजारोहण के बाद बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नन्हे-मुन्नों ने देशभक्ति गीतों, कविताओं और नृत्यों से दर्शकों का दिल जीत लिया। विद्यालय परिसर देशभक्ति के गीतों और नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्रबंधक शोएब खान व अजमल हुसैन ने नायाब तहसीलदार सचिन चौधरी को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिथि ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें देश की आजादी के लिए दी गई कुर्बानियों को याद करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संकल्प लेने का दिन है। इस मौके पर विद्यालय के -शिक्षिकाएँ, अभिभावक और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की और तिरंगे के सम्मान में एकजुट होकर देशभक्ति का संदेश दिया।



## वेलकम इंडिया



# भारत की स्वतंत्रता के लिए देश के अमर शहीदों ने दिया बलिदान:पं० गोपाल शर्मा

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**



**हापुड़ यूपी!** आज ऑल इंडिया हिन्दुस्तान काँग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश कार्यालय कूचेसर रोड चौपला हापुड़ पर 79 वे स्वतन्त्रता दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे पहुचें प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष हापुड़ ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया! सभी पदाधिकारियों कार्यकताओं एवं स्कूल के बच्चों ने राष्ट्रगान गीत गाया और राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे झंडे को सलामी देकर भारत माता की जय वंदे मातरम और देश के अमर शहीदों के उद्घोष से प्रदेश कार्यालय परिसर गुंजायमान हो गया! कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने कहा कि सभी प्रदेश एवं देश वासियों को 79 वे स्वतन्त्रता दिवस की शुभकामनाएँ देता हूं! आप सभी को ज्ञात होना चाहिए कि हमारे भारत वर्ष में करीब 280 वर्ष पहले ईस्ट इंडिया कंपनी हिन्दुस्तान में आई! कंपनी ने भारत में अपना साम्राज्य स्थापित किया और भारत वासी धीरे-धीरे ईस्ट इंडिया कंपनी में गुलामों की तरह कार्य करने लगे! ब्रिटिश शासन के लोगों ने तानाशाही के दम पर भारत में 200 वर्षो तक शासन किया जबकि 1857 की क्रांति में अमर शहीद मंगल पांडे की शाहदत्त ने हिन्दुस्तान में क्रांति की लहर दौड़ गई देश मे चारो तरफ से ब्रिटिश शासन के अन्याय के खिलाफ आवाज उठने लगी! झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई पंडित चन्द्रशेखर आजाद नेताजी सुभाषचंद्र बोस भगत सिंह सुखदेव राजगुरु पंडित रामप्रसाद बिस्मिल तात्या टोपे अशफाक उलाह खा सहित अन्य अमर शहीदों ने हिन्दुस्तान को आजाद कराने में अपने प्राणों का बलिदान कर दिया! हमें देश के अमर शहीदों के बलिदान को नहीं भूलना चाहिए!प्रदेश के कानूनी सलाहकार पंडित नरेश चंद शर्मा ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम हमले ने भारत की आत्मा को झकझोर कर दिया प्रदेश और देश की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर शासन और प्रशासन को ध्यान देने की आवश्यकता है! प्रदेश कोषाध्यक्ष पंडित आशीष शर्मा ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था और नागरिको की समानता बनाए रखना केंद्र सरकार और राज्य सरकारों की नैतिक जिम्मेदारी है! हम देख रहे हैं कि देश में कुछ लोग दिन प्रतिदिन अमीर हो रहे हैं और गरीब और गरीब हो रहे हैं जो कि दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है! जिलाध्यक्ष हापुड़ अजय शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने स्कूल के बच्चों और पत्रकार बंधुओं को प्रतीक चिह्न भेट कर सम्मानित किया !इस अवसर पर मेरठ मंडल अध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अमित सागर मेरठ जिला महासचिव अमीर अहमद युवा जिलाध्यक्ष सुनील शर्मा प्रदेश मीडिया प्रभारी लोकेश शर्मा कृष्ण शर्मा महेश शर्मा शिवम शर्मा उज्वल शर्मा महंत एन के त्रिपाठी रजनीश त्यागी एवं महिलाए सेंकड़ों की संख्या में उपस्थित रही!

## ङऋ्ठ क्लब कुरुमटांड जिरोपहरी में मनाया गया चेहल्लुम जहां भीड का जन सैलाब उमड़ पड़ा



**एहसान अंसारी**

बांका/शनिवार को देश भर में चेहल्लुम मनाया गया। मोहर्रम के 40 दिन के बाद मनाया जाता है यह दिन इमाम हुसैन की शहादत को याद करने का दिन है। जिससे चालिसवां भी कहा जाता है मोहर्रम के 40 दिन मनाया जाता है ।यही दिन इमाम हुसैन की शहादत और उनके साथियों की शहादत की याद में मनाया जाता है। जिन्होंने कर्बला की लड़ाई में अपनी जान दी थी।चांदन प्रखंड असुढा़ं पंचायत के कुरुमटांड जिरोपहरी ङऋ्ठ क्लब हर साल की तरफ इस बार भी भी चेहल्लुम बडी धूमधाम से मनाया गया, जहां बांका जिला और जमुई जिला के दूर से काफी संख्या में पहुंचे थे मेला देखने। कुरुमटांड के उद्दीन मियां की और से चेहल्लुम के मौके पर खेल का आयोजन किया गया था जहां तीन टीम ने भाग लिया था। शानदार खेल दिखाकर ढोढरी टीम विजेता बना, जहां ङऋ्ठ क्लब की टीम और मोहर्रम के सेक्रेटरी कय्यूम अंसारी ने विजेता टीम को ट्रॉफी दिया। आनंदपुर की पुलिस प्रशासन भी सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया। कुरुमटांड जिरोपहरी मोहर्रम सेक्रेट्री कय्यूम अंसारी ने कहा हर साल की इस बार मेला में खेल देखने आए लोगों का भीड़ इस बार उम्मीद ज्यादा भीड़ जुटा था प्रशासन का बहुत सहयोग रहा। देश के मशहूर नातिया अजमत रजा भागलपुरी भी अपने गांव अपने टीम के साथ मौजूद रहे और लगातार क्लब टीम खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते रहे। कुरुमटांड जिरोपहरी ङऋ्ठ क्लब टीम लगातार भीड़ को कंट्रोल में रखने के लिए लगातार एक्टिव दिखे। इंतेखाब अंसारी ने अपने यूथ टीम की बेहतरीन कार्य के लिए तारीफ किया।

## भाजपा नेता के बैंक खाते से साइबर ठगों ने उड़ाए 1.15 लाख रुपये

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** साइबर ठगों ने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ब्रज क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह को अपना शिकार बना डाला। ठगों ने व्हाट्सएप पर ट्रैफिक चालान का लिंक भेजकर उनके बैंक खाते से 1.15 लाख रुपये साफ कर दिए। इस प्रकरण में चौकाने वाली बात ये रही कि शिकायत करने के बावजूद ठग अगले दिन भी खाते से रकम निकालने में कामयाब रहे। गुरप्रीत सिंह के मुताबिक उनके मोबाइल नंबर पर एक मैसेज आया जिसमें आरटीओ का चालान बताया गया। स्टाफ ने लिंक खोलने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं खुला। इसके कुछ ही घंटे बाद रात करीब 9:30 बजे ओटीपी आने शुरू हो गए और खाते से 10-10 हजार रुपये कर 11 बार में कुल 1.10 लाख रुपये ट्रांसफर हो गए। पीड़ित ने बताया है कि उन्होंने तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई और बैंक को भी सूचना दी। लेकिन हैरानी की बात यह रही कि अगले दिन शुक्रवार सुबह 11 बजे उनके खाते से फिर 5,000 रुपये निकाल लिए गए। गुरप्रीत सिंह का आरोप है कि शिकायत और अकाउंट ब्लॉक की जानकारी देने के बावजूद बैंक समय पर कार्रवाई नहीं कर सका। उन्हें आशंका है कि इस खेल में बैंक अधिकारियों की भी मिलीभगत हो सकती है। पीड़ित भाजपा नेता ने बारादरी पुलिस को तहरीर दी है, पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चौपुला पुल पर चीनी मांझे की चपेट में आने से युवक घायल, चेहरे पर गहरा घाव, लगे 10 टांके



**बरेली।** शहर में पतंगबाजी के दौरान इस्तेमाल हो रहा चीनी मांझा लोगों की जान का दुश्मन बनता जा रहा है। शनिवार सुबह चौपुला ओवरब्रिज पर ऐसा ही एक हादसा हुआ, जिसमें किला थाना क्षेत्र का एक युवक मांझे की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार किला क्षेत्र के कुंवरपुर मोहल्ले के रहने वाले 28 वर्षीय उदित नारायण जन्माष्टमी पर मंदिर की सजावट का सामान लेने जा रहे थे। जैसे ही वे अपनी मोटर साइकिल से चौपुला पुल पार करने ही वाले थे, कि अचानक चीनी मांझा उनके चेहरे पर लटक गया। जब तक उदित कुछ समझ पाते तब तक मांझे से उनकी नाक और आंख के पास गहरे कट लग गए। चेहरे पर कई और जगह चोट आने से वे बाइक समेत पुल पर गिर पड़े। हादसे में उदित का काफी खून भी बह गया। राहगीरों ने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उनके चेहरे और नाक पर 10 टांके लगाए हैं। फिलहाल उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बार–बार चेतावनी के बावजूद बाजारों में धड़ल्ले से चीनी मांझा बिक रहा है, जो हादसों का सबब बन रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस चीनी मांझे पर पूरी तरह रोक लगाई जाए।

# डॉ. अंबेडकर विद्या ज्योति छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत मेधावी छात्राओं को मिली छात्रवृत्ति

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**



**बरेली।** 79 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में केनरा बैंक ने एक सराहनीय पहल करते हुए मेधावी छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की है, जिसका उद्देश्य शिक्षा को बढ़ावा देना और सामाजिक समावेशन को प्रोत्साहित करना है। इसी क्रम में सीबीगंज इंटर कॉलेज में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बैंक द्वारा कॉलेज की 6 मेधावी छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ दिया गया। आपको बता दें कि केनरा बैंक डॉ. अंबेडकर विद्या ज्योति छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति/जनजाति की मेधावी बालिकाओं जो कि सरकारी स्कूलों में कक्षा 5 से 10 तक पढ़ रही हैं को छात्रवृत्ति प्रदान करता है, जिससे उनकी शिक्षा बगैर किसी अवरोध के जारी रह सके। इस छात्रवृत्ति योजना में कक्षा 5वीं, 6वीं, 7वीं की मेधावी बालिका के लिए 3000 रुपए, कक्षा 8वीं, 9वीं, 10वीं की मेधावी बालिका के लिए 5000 रुपये का प्रावधान किया गया है। इस छात्रवृत्ति योजना के बारे में जानकारी देते हुए सीबीगंज इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य देशभर की अनुसूचित जाति/जनजाति की बालिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर प्रदान कराना, बालिकाओं को आत्मनिर्भर और शिक्षित बनाने के साथ बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को सम्मान देना है। इस योजना के अंतर्गत हमारे विद्यालय से 6 बालिकाओं का चयन हुआ है। इस पहल के माध्यम से केनरा बैंक ने न केवल शिक्षा को बढ़ावा दिया, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व की मिसाल भी पेश की है। इस अवसर पर केनरा बैंक की तरफ से प्रबंधक केनरा बैंक शाखा कर्मचारी नगर शिवम शुक्ला, बैंक अधिकारी मिलन झिंगारन और विद्यालय की तरफ से प्रवक्ता श्याम वीर, गंगा प्रसाद सहायक अध्यापक दिनेश सिंह, रामचंद्र, सरिता, श्वेता मिश्रा, मृदुला धनगर, मनोज रस्तोगी, महेंद्र पाल सिंह, जसवंत सिंह, हरपाल सिंह सागर, नरेश पाल गंगवार, बृजलाल आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# कृष्ण जन्माष्टमी पर धूमधाम से निकाली शोभायात्रा



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर :** शनिवार को कृष्ण जन्माष्टमी पर गांव नारऊ में विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। आयोजित शोभायात्रा में ग्रामीणों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। छतारी थाना क्षेत्र के गांव नारऊ में शनिवार को कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया। आयोजित शोभायात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सचिन शर्मा, थाना प्रभारी संदीप सिंह ने संयुक्त रूप से कृष्ण एवं राधा रानी की पूजा अर्चना कर किया। ग्रामीणों ने जगह जगह शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। जहां कमेटी द्वारा ग्रामीणों को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर सूरजपाल, सत्यभान, श्रीकांत, चौधरी वीरेंद्र सिंह, किरण वीर सिंह, बब्बू सिंह, कपिल गौड़, दीपक शर्मा, अजय उर्फ अन्नू, मोहित कुमार, रुशांत, सत्यदेव आदि मौजूद रहे।

# कल्याण सिंह बब्बर शेर थे, जिन्होंने रामभक्तों का संरक्षण किया: उमा भारती

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने शनिवार को बरेली के आंवला में वीरांगना अवंतीबाई लोधी की जयंती पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने पड़ोसी जनपद के नाम पर कहा कि शाहजहांपुर अच्छा नहीं लगता। मुख्यमंत्री योगी से अनुरोध है कि इसके लिए कोई नया नाम प्रस्तावित कर दें। उन्होंने कहा कि गुलामी के दौर की याद दिलाने वाले किसी व्यक्ति के नाम पर जिले का नाम रहे यह अच्छा नहीं है। मैं तो दोबारा यह नाम सुनना भी नहीं चाहती। उमा भारती ने कहा कि भाजपा ने लोधी समाज से दो-दो मुख्यमंत्री दिए हैं। लोधी समाज पहला समाज था जिसने भाजपा को प्लेटफॉर्म दिया है। इसके पहले भाजपा की छवि पिछड़ों के हितैषी के रूप में नहीं थी। लोधी समाज ने भाजपा को मंच दिया, जिसकी वजह से भाजपा अपना विस्तार कर सकी। भाजपा ने लोधी समाज का सम्मान रखा तो लोधियों ने भाजपा का मान रखा। लोधियों को ना चापलूसी आती है और ना साजिश करनी आती है। उन्होंने कहा कि अभी हम मथुरा और काशी के लिए कोर्ट में अर्जी दिए हैं। सुनवाई हो रही है। कोर्ट का आदेश हम मानेंगे। हमारे इष्ट के जन्मस्थान के लिए प्रमाण मांगा जा रहा है। उन्होंने कहा कि मीरबाकी ने हमारी विरासत पर कील ठोंकने का काम किया था। अस्मिता का अपमान करने के लिए ढांचे को गिराकर वहां इबादतघर बनाया था। हमने राष्ट्रीय अस्मिता को बचाने के लिए भव्य मंदिर का निर्माण कर फिर से गौरव को लौटाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कल्याण सिंह बब्बर शेर थे, जिन्होंने रामभक्तों का संरक्षण किया, अपनी सत्ता की चिंता नहीं की। समाज और सत्ता में उन्हें बराबर की भागीदारी देनी होगी। सत्ता, समाज और शासन में निर्णायक भागीदारी के लिए अटल बिहारी बाजपेयी ने बहुत काम किया था। इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि वीरांगना अवंतीबाई लोधी बचपन में खेल खिलौनों से नहीं तलवार से ही खेला करती थीं।हमारे शहीदों के साथ उन्होंने अन्याय किया है। आज समाज को क्रांतिकारियों की गौरव गाथा को जन-जन तक ले जाना है। गुलामी के चिह्नों को मिटाने का काम सरकार कर रही है, हम सबको एक साथ आकर इसका समर्थन करना चाहिए और महापुरुषों का मान बढ़ाने का काम करना है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि वीरांगना अवंतीबाई लोधी की जयंती पर आंवला में उनकी भव्य प्रतिमा का अनावरण उमा भारती ने किया है। यह क्षत्रवासियों के लिए गौरव की बात है। उन्होंने आंवला में सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों का भी विवरण दिया। उन्होंने कहा कि लोधी समाज सबको साथ लेकर चलने वाला संगठन है। जिसने देश और प्रदेश के विकास में अपना अतुलनीय योगदान दिया है। लोधी समाज ने देश की राजनीति को नई दिशा देने का काम किया है। इस कार्यक्रम को सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, पूर्व सांसद राजवीर सिंह राजू भैया, विधायक एवं अखिल भारतीय लोधी महासभा के अध्यक्ष विपिन कुमार डेविड और पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत ने भी संबोधित किया।

# कान्हा के जन्मोत्सव में मथुरा पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

मनोज शर्मा/वेलकम इंडिया






**मथुरा।** भगवान श्रीकृष्ण के 5252 वें जन्मोत्सव के पावन अवसर पर मा० मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मथुरा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मथुरा के डैम्पियर नगर स्थित पांचजन्य प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलित कर मां सरस्वती जी के समक्ष पुष्प अर्पित किये। उन्होंने कार्यक्रम में आये पूज्य साधु-संतों का सम्मान किया, जिसमें परम पूज्य श्री फूलडोल बिहारी लाल , परम पूज्य श्री हरिशंकर नागा , परम पूज्य श्री अनन्त प्रभु , परम पूज्य श्री बलराम बाबा , परम पूज्य श्री सुतीक्षण दास , परम पूज्य श्री राम देवानन्द , परम पूज्य श्री सनत कुमार , परम पूज्य श्री लाडली जी दास , परम पूज्य श्री अनंताचार्य , परम पूज्य श्री जयराम दास , परम पूज्य श्री कृष्णा देवी , परम पूज्य श्री माधव दास , परम पूज्य श्री लाडली तथा परम पूज्य श्री ब्रजदास को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मा० मुख्यमंत्री ने कृष्ण एवं राधा जी के स्वरूप नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार किया। शिवाय पुत्र गीता, साक्षी पुत्री नीतू, अक्षत पुत्र लक्ष्मी, देवांश पुत्र चन्द्रवती एवं सिद्धार्थ पुत्र प्रियंका का मा० मुख्यमंत्री जी ने खीर खिलाते हुए स्नेह, लाड एवं दुलार से अन्नप्राशन संस्कार किया। उन्होंने बच्चों को खिलौने एवं मिष्ठान भी भेंट की। कार्यक्रम में मा० मुख्यमंत्री जी ने गोवर्धन परिक्रमा पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का विमोचन किया तथा संपूर्ण डॉक्यूमेंट्री फिल्म को देखा। डॉक्यूमेंट्री फिल्म में पवित्र गोर्वधन पर्वत, उससे संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों एवं पूज्य संतों का विवरण प्रदर्शित किया गया। मा० मुख्यमंत्री जी ने डॉक्यूमेंट्री फिल्म की निर्मात्री श्रीमती श्रुति अनिंदिता वर्मा को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। कार्यक्रम में मा० मुख्यमंत्री जी ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि एवं लीलाभूमि मथुरा वृन्दावन के सवार्गीण विकास को समर्पित करते हुए रू 645 करोड़ की 118 विकास परियोजनाओं का बटन दबाकर लोकार्पण / शिलान्यास किया। मा० मुख्यमंत्री जी ने पांचजन्य प्रेक्षागृह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पांच हजार वर्ष के इतिहास का, भारत के इस पौराणिक इतिहास के हम साक्षी बन रहे हैं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर देश और दुनिया से आये कई लाखों श्रद्धालु, कितनी भक्तिमय भाव के साथ यहां पर दर्शन के लिए और यहां की पावन माटी के रज-रज में श्रीकृष्ण भाव की इस पावन भक्ति को अधिकार करने के लिए उतावले दिखाई दे रहे हैं। ऐसी भक्ति दुनिया में कहीं और मिलना दुर्लभ है। इस पवित्र भूमि को कोटि-कोटि नमन करते हुए आप सभी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हृदय से बधाई देता हूँ और शुभकामनाएं देता हूँ। उन्होंने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि पिछले कई वर्षों से उन्हें मथुरा में रंगोत्सव और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी जैसे आयोजनों में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। उन्होंने भारत को आध्यात्मिकता और आधुनिक विकास के संगम के रूप में स्थापित करने की बात कही, जिसकी प्रेरणा मा० प्रधानमंत्री जी से मिलती है। पूरी दुनिया भारत की आध्यात्मिक विरासत पर शोध के लिए उतावली दिखाई दे रही है। विश्व मानवता को जब भी संकट के दौर से उभरना होगा, वह भारत की आध्यात्मिक विरासत को ही अपने जीवन का हिस्सा मानकरके ही स्थायी शांति और सौहार्द की परिकल्पना को आगे बढ़ा सकता है और उसे आगे बढ़ाने के लिए यह सौभाग्य हम सबको प्राप्त हुआ है। मा० मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भारत को अपनी गौरवशाली विरासत पर गर्व करने का पूरा अधिकार है। उसका संरक्षण करने के लिए हम सबको मिलकर कार्य करना होगा। केन्द्र एवं प्रदेश सरकार अध्यात्मिक विरासत का संरक्षण करते हुए आधुनिक विकास भी कर रहा है। उन्होंने कहा कि ब्रजक्षेत्र के समग्र विकास के लिए 30 हजार करोड़ रुपए की एक नई कार्ययोजना को लेकर हम लोग आये हैं। हमारा ब्रजक्षेत्र फिर से द्वापर की स्मृतियों को ताजा करेगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार पूज्य साधु संतों की भावनाओं का सम्मान करने और बृजक्षेत्र को संवर्धित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम उन कार्यों को संभव बना रहे हैं, जिन्हें कभी असंभव माना जाता था। उन्होंने काशी विश्वनाथ धाम और अयोध्या में भव्य राम मंदिर का उदाहरण देते हुए कहा कि 10 साल पहले इनकी कल्पना भी असंभव लगती थी, लेकिन आज ये साकार हो चुके हैं। काशी में जहां पहले 50 श्रद्धालु एक साथ दर्शन नहीं कर पाते थे, वहां आज 50 हजार श्रद्धालु एक साथ दर्शन कर सकते हैं। सावन मास में 8 से 10 लाख श्रद्धालुओं ने प्रतिदिन वहां दर्शन किये हैं। अयोध्या में आज भव्य राम मंदिर बन गया है जो त्रेतायुग का स्मरण करा रही है। मां गंगा की निर्मलता और अविरलता का उदाहरण देते हुए मा० मुख्यमंत्री जी ने कहा कि मा० प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में मां गंगा जी आज स्नान और आचमन योग्य हो चुकी है।

## शिक्षा स्कूल में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** शिक्षा इंटरनेशनल स्कूल में 79 वां स्वतंत्रता दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत मुख्य अतिथि स्कूल के चेयरमैन नीरज त्यागी द्वारा ध्वजारोहण तत्पश्चात ध्वज के सम्मान में छात्रों द्वारा राष्ट्रगान के साथ की गई। देश भक्ति के इसी वातावरण में स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गानों पर नृत्य प्रस्तुतियाँ दीं और उधम सिंह के जीवन पर आधारित एक नाटक प्रस्तुत किया। स्कूल की छात्रा आयुषी के द्वारा मंच संचालन , वर्षा के द्वारा देशभक्ति कविता और आरुषी के द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत भाषण ने कार्यक्रम को चार चाँद लगा दिए। विद्यालय के चेयरमैन नीरज त्यागी ने अपने उद्बोधन में छात्रों के प्रयासों की प्रशंसा की और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए उन्होंने सभी शिक्षकों का आह्वान किया कि वे स्कूल के बच्चों में संकल्प, समर्पण और अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की भावना को रोपित करें ताकि भविष्य का भारत पूरे विश्व का मार्गदर्शन कर सके। इस अवसर पर प्रधानाचार्या ,सहसंचालिका, शिक्षक गण और विद्यालय के छात्र मौजूद रहे।

## डॉ. केएन मोदी विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस हर्ष और गौरव के साथ मनाया गया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** डॉ. के. एन. मोदी विश्वविद्यालय, एनसीआर मोदीनगर में 79 वाँ स्वतंत्रता दिवस अत्यंत हर्ष और गौरव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कुलपति प्रो. पी. एन. हृषीकेशा द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई।इस अवसर पर माननीय कुलाधिपति डॉ. डी. के. मोदी एवं रजिस्ट्रार यू. एन. मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की भव्यता को और अधिक बढ़ाया। कुलपति महोदय ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता संग्राम के वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की और विश्वविद्यालय समुदाय को राष्ट्र निर्माण हेतु प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के माध्यम से देश को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में योगदान दें। अपने संबोधन में कुलपति ने डॉ. के. एन. मोदी विश्वविद्यालय, एनसीआर मोदीनगर की स्थापना को शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है, बल्कि यह नवाचार, अनुसंधान और सामाजिक उत्थान को भी प्रोत्साहित करता है। विश्वविद्यालय का लक्ष्य युवाओं को आधुनिक ज्ञान से लैस कर उन्हें राष्ट्र निर्माण में समर्थ बनाना है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी विभागों के संकाय सदस्य, प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को एक नई ऊर्जा और देशभक्ति के रंग में रंग दिया।

## उत्थान फाउंडेशन एवं मोदी आइफा आर्ट गैलरी द्वारा भव्य स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्थान फाउंडेशन एवं मोदी आइफा आर्ट गैलरी के संयुक्त तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस का एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि राज ढींगरा (प्रबंध निदेशक, वी. के. टायर इंडिया लिमिटेड) तथा विशिष्ट अतिथियों ने सहभागिता की। उत्थान फाउंडेशन के अध्यक्ष सी ए राहुल जैन ने बताया कि इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मोदीनगर विधायक डॉ. मंजू शिवाच, नगर पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली, इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के सेंट्रल काउंसिल सदस्य सी ए अनुज गोयल एवं पूनम गोयल, डॉ. मुकेश गर्ग, बृजमोहन कपूर, राजकुमार गुप्ता, स्वदेश जैन, अरुण त्यागी, अमित गोयल, आदिल , अमित महेश्वरी, दिशा दिनेश, शील वर्धन, कौशल वशिष्ठ, उत्तम त्यागी सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।आइफा गैलरी के प्रबंधक डॉ संघर्ष शर्मा ने जानकारी दी कि कार्यक्रम में 10 अगस्त को संपन्न चित्रकला प्रतियोगिता - चित्रों में भारत के विजेताओं को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 300 बच्चों ने भाग लिया था। साथ ही प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल से ऋतु अग्रवाल, रुचि गुप्ता, सोनिया गर्ग, रश्मि मलिक, गौरव जैन, डॉ संदीप कंसल, शलभ गुप्ता, डॉ रूचि विद्यार्थी, प्रशांत झा, विनय सहारन, गीता ढींगरा को भी सम्मानित किया गया।

## भव्य तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, शहर गूंजा देशभक्ति के नारों से





वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर आयोजित भव्य तिरंगा यात्रा में नगरवासियों ने अभूतपूर्व उत्साह के साथ भागीदारी निभाई। यात्रा में उमड़े जनसैलाब ने देशभक्ति का अनुपम दृश्य प्रस्तुत किया। सुबह से ही नगर की मुख्य सड़कों पर तिरंगे की लहराती छटा, देशभक्ति के नारों की गूंज और ढोल-नगाड़ों की ताल से वातावरण प्रफुल्लित हो उठा। छोटी-छोटी झांकियों के साथ यात्रा का दृश्य और भी मनमोहक हो गया, जिसने जनसमूह का ध्यान आकर्षित किया। हर चेहरे पर गर्व और हर हाथ में लहराता तिरंगा राष्ट्र की एकता और अखंडता का संदेश देता रहा। इस अवसर पर सांसद राजकुमार सांगवान, विधायक डॉ. मंजू शिवाच, चेयरमैन विनोद वैशाली, भोजपुर ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सुचेता सिंह, पूर्व चेयरमैन राम आसरे शर्मा तथा डॉ देवेंद्र सिवाच मुख्य रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने अपने उद्बोधन से जनसमूह का उत्साहवर्धन किया।

तिरंगा यात्रा को ऐतिहासिक सफलता दिलाने में नगर के सभी नागरिकों का योगदान सराहनीय रहा। सभी देशभक्तों की सक्रिय भागीदारी ने इस आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया।

## मोदी कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर में 79 वाँ स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।सुबह के समय विद्यालय के एन सी सी कैडेट्स, छात्रों, स्काउट्स एवं शिक्षकों ने हर घर तिरंगा प्रभात फेरी निकाली और समाज में लोगों को स्वतंत्रता दिवस को प्रेम, सौहार्द और हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद्र अग्रवाल ने राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया तथा सभी ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी ।इसके उपरांत विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, देशभक्ति गीत, नृत्य आदि प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कॉलेज प्रधानाचार्य, एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर वरिष्ठ प्रवक्ता टीपी सिंह डॉ नीतू , इरशाद अली, तेज वीर, ने सभी छात्रों, शिक्षकों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए आदि ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज की हिन्दी शिक्षिका डॉ पूनम वसिष्ठ, डॉ नीतू एवं कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने संयुक्त रूप से किया ।कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय गान गाया गया तथा भारत माता की जय और बंदे मातरम्‌के उद्घोष के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक आर के सिंह,दिनेश कुमार, वाई सी शर्मा ,प्रयास शर्मा, बलराम सिंह,शरद कुमार बाजपेई,ए के जैन ,संजीव कुमार, राम कुमार ,लेफ्टिनेंट राजीव जांगिड़, संजीव चौधरी, खेल प्रशिक्षक राजीव सिंह, राजीव कुमार, विनीत चौधरी ,धर्मवीर, गौरव त्यागी, वर्षा चौधरी, रेखा, रोमा देवी, आदि का विशेष सहयोग रहा।

## वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पंचामृत से हुआ उड़िया बाबा महाराज का महाभिषेक

वेलकम इंडिया



**वृन्दावन।** दावानल कुंड क्षेत्र स्थित श्रीकृष्णाश्रम (उड़िया बाबा आश्रम) में चल रहे ब्रज के प्रख्यात संत स्वामी पूणार्नंद तीर्थ (उड़िया बाबा) महाराज के सप्तदिवसीय सार्धशताब्द (150 वें) प्राकट्योत्स में पूज्य महाराजश्री की प्रतिमा का वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पंचामृत से महाभिषेक कर उनका पूजन-अर्चन किया गया।साथ ही भक्तों-श्रद्धालुओं के द्वारा उनकी आरती की गई। तत्पश्चात सन्त-विद्वत सम्मेलन में श्रीउमाशक्ति पीठाधीश्वर स्वामी रामदेवानंद सरस्वती महाराज, सेवा मंगलम आश्रम के अध्यक्ष स्वामी गोविंदानंद तीर्थ, चार संप्रदाय आश्रम के महंत ब्रजबिहारी दास महाराज, महंत किशोरी शरण भक्तमाली, भागवताचार्य डॉ. रामविलास चतुर्वेदी, आचार्य बद्रीश महाराज, डॉ. शिव स्वरूप महाराज, गोविन्द कृष्ण पाठक, कृष्णदास महाराज (गोवर्धन), राम कुमार त्रिपाठी, वसन्त चतुर्वेदी एवं रमेशानंद महाराज आदि ने ब्रह्मलीन स्वामी पूणार्नंद तीर्थ (उड़िया बाबा) महाराज के जीवन चरित्र का वर्णन कर सभी को भाव-विभोर कर दिया।संचालन संत सेवानंद ब्रह्मचारी ने किया।

## जनपद में 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जनपद में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूम-धाम एवं हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया गया। जनपद के सभी सरकारी और गैर सरकारी भवनों पर प्रातः 08:00 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। जिलाधिकारी आलोक कुमार द्वारा कलेक्ट्रेट भवन पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा आजादी के अमर सपूतों एवं क्रान्तिकारियों को श्रद्धांजली एवं श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों को राष्ट्रीय एकता तथा अखण्डता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) जयप्रकाश व अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) चंद्रेश कुमार सिंह उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय भवन पर तथा मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी ने विकास भवन पर ध्वजारोहण करते हुए उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों एवं संभ्रांत नागरिकों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। ध्वजारोहण के उपरांत स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी आलोक कुमार ने गोष्ठी में उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों, स्कूली बच्चों, पत्रकार बंधुओं को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम जिन आदर्शों की बात प्रायः करते है उन्हें सबसे पहले अपने व्यवहार में लाना ही देश एवं समाज के प्रति सच्ची सेवा है। उन्होंने कहा कि हमें एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों का इमानदारी, लगन एवं उत्साह के साथ निर्वहन करते रहना ही देश के प्रति सच्ची भक्ति और देश को आजादी दिलाने वाले महानायकों, क्रांतिकारियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। जिलाधिकारी ने कहा कि हमारे वीर क्रांतिकारियों एवं आजादी के महानायकों के संघर्षों के बाद 1947 में जो स्वतंत्रता हमें मिली है उसको बनाए रखना हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्वतंत्रता के ? सच्चे अर्थों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सभी जाति, धर्म व क्षेत्र वाद से ऊपर उठकर एक दूसरे के प्रति प्रेम-भाव और भाईचारे की भावना के साथ अपनी-अपनी भूमिका एवं जिम्मेदारियों के हिसाब से अपने कर्तव्यों के प्रति पूरी सजगता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें जिससे हम सच्चे अर्थों में सामाजिक, राजनैतिक व आर्थिक रूप से स्वतंत्र होंगे।

## ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस की 79 वी वर्षगांठ ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया।

सेमरियावा ब्लाक मुख्यालय पर खंड विकास अधिकारी धर्मेश कुमार पाण्डेय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरियावा में अधीक्षक डॉ. सुरेश चंद्रा, थाना मुख्यालय पर थानाध्यक्ष इंद्रभूषण सिंह, अल हिदायह पब्लिक स्कूल सेमरियावा में प्रबंधक अबरार अहमद, , अल हिदायह पब्लिक स्कूल मीरपुर करही में प्रधानाचार्य तौफीक अहमद, एआरसी डिग्री कॉलेज मूड़ाडिहा बेग में प्रबंधक शमशेर अहमद, एएच एग्री. इंटर कालेज उजियार दुधारा में प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी, किसान इंटरह्य कॉलेज पचपोखरी में प्रधानाचार्य फिरोज अहमद, नेशनल इंटर कॉलेज मूड़ाडिहा बेग में प्रधानाचार्य मुजीबुल्लाह, नूरूल करीम मेमोरियल पब्लिक इंटर कालेज बढ़यामाफी सेमरियावा में प्रबंधक मुनीरूल हसन चौधरी व सह प्रबंधक एजाज मुनीर, द माडर्न पब्लिक स्कूल दुधारा में डायरक्टर मुहम्मद अहमद खान, द शान सेंट्रल एकेडमी दुधारा में प्रबंध निदेशक हाजी वसी अहमद खान, अब्दुल हकीम अब्दुल कलाम प्रोग्रेसिव इंटर कॉलेज महुआरी में प्रबंधक मुहम्मद शफीक, सनाबिल गर्ल्स इंटर कॉलेज मूड़ाडिहा बेग में प्रबंधक हाजी मुहम्मद सालिम,हैप्पी आल पब्लिक स्कूल लोहरौली में प्रबंधक हाफिज मकसूद अहमद नदवी, अहमद शिक्षण संस्थान छाता में संचालक मोहम्मद साकिब, पूर्वांचल सेंट्रल एकेडमी अगया में प्रबंधक सेराज खान, रिलेक्सो डोम्सवेयर बरगदवाकला में डायरेक्टर अब्दुल्लाह खान, मुहम्मद हनीफ गर्ल्स इंटर कालेज बरगदवाकला में सह प्रबंधक मसीहुद्दीन ने झंडारोहण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार निषाद जनपद गाजियाबाद के दौरे पर पहुँचे

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** आज मा० कैबिनेट मंत्री (मत्स्य विभाग) उत्तर प्रदेश सरकार एवं निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार निषाद जी जनपद गाज़ियाबाद के दौरे पर पहुँचे। इस अवसर पर उन्होंने पीडब्ल्यूडी निरीक्षण भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। डॉ. निषाद जी ने बताया कि उत्तर प्रदेश में मत्स्य विभाग को देश में अव्वल बनाने के उद्देश्य से केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का प्रथम राज्य है जहाँ मत्स्य पालक कल्याणकोष की स्थापना की गई है। इस कोष के माध्यम से मछुआ समाज को चिकित्सा, शिक्षा, दैवीय आपदा सहायता, प्रशिक्षण, नाव-जाल क्रय, विवाह सहायता सहित अन्य अनेक योजनाओं से प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ प्रदान किया जा रहा है। डॉ. निषाद जी ने बताया कि जनपद गौतमबुद्ध नगर में अब तक लगभग 1 करोड़ 69 लाख रुपये से अधिक की धनराशि मछुआ समाज के हित में आवंटित की गई है। इसके साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि आगामी 20 अगस्त 2025 को निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद पार्टी) का 10वां स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय अधिवेशन नई दिल्ली स्थित तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। इसमें देश और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से मछुआ समाज के लोग बड़ी संख्या में प्रतिभाग करेंगे। अधिवेशन में पार्टी की भंग राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक कमेटियों का पुनर्गठन कर नई संरचना की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकताओं से विचार-विमर्श उपरांत एनडीए के घटक दल के रूप में रणनीति तय की जाएगी। साथ ही उत्तर प्रदेश में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में निषाद पार्टी स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ेगी और इस संबंध में अधिवेशन में प्रस्ताव पारित किया जाएगा। प्रेस वार्ता में डॉ. निषाद जी ने यह भी कहा कि मछुआ समाज की बहुप्रतीक्षित मांग झ मझवार, तुरैहा, तरमालीपासी सहित सभी 17 उपजातियों को उत्तराखंड सरकार की तर्ज पर परिभाषित कर अनुसूचित जाति की सूची में सम्मिलित करने का प्रस्ताव भी केंद्र और राज्य सरकार के समक्ष रखा जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि निषाद पार्टी की स्थापना ही मछुआ समाज के आरक्षण के मुद्दे को हल करने के उद्देश्य से की गई थी, क्योंकि स्वतंत्रता के इतने वर्षों बाद भी यह समाज विकास की मुख्यधारा से वंचित रहा है।

# हर घर तिरंगा का पैगाम लेकर सड़कों पर उतरे सिल्वरलाइनर्स, गूंज उठा गाजियाबाद

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत हर घर तिरंगा को जन-जन तक पहुँचाने के लिए बुधवार को सिल्वर लाइन प्रेस्टिज स्कूल, बुलंदशहर रोड इंडस्ट्रियल एरिया ने एक ऐतिहासिक और भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली में विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राएं, शिक्षक और कर्मचारी देशभक्ति के परिधानों में सजे तिरंगे हाथों में लहराते हुए पूरे जोश से शहर की सड़कों पर उतरे। रैली के आरंभ से लेकर समापन तक भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे पूरे क्षेत्र में गूंजते रहे। बच्चों की जोशीली आवाजें, हाथों में तिरंगा और कदमताल करती कतारें देखकर राहगीर भी इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बन गए। पूरा मार्ग मानो तिरंगे की लहरों और देशभक्ति की धुनों में डूब गया हो। रैली के दौरान स्कूल के छात्रों और शिक्षकों ने स्थानीय निवासियों को भारतीय राष्ट्रध्वज भेंट किए और उनसे अपने-अपने घरों पर 15 अगस्त को तिरंगा फहराने की अपील की। लोगों ने उत्साहपूर्वक इस पहल को स्वीकार किया और वादा किया कि वे इस अभियान में सक्रिय भाग लेंगे। इस रैली का उद्देश्य केवल तिरंगे के महत्व को बताना ही नहीं था, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम के उन अमर बलिदानियों को नमन करना भी था, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए। बच्चों ने रैली के दौरान तिरंगे की शपथ ली कि वे देश की गरिमा और एकता की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। सिल्वर लाइन प्रेस्टिज स्कूल के चेयरमैन सुभाष जैन ने कहा कि हर घर तिरंगा केवल एक सरकारी अभियान नहीं, यह हमारे राष्ट्रीय गर्व, एकता और स्वतंत्रता सेनानियों की विरासत का प्रतीक है। हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे तिरंगे की शान और उसकी पवित्रता को जीवन भर याद रखें। यह रैली हमारे स्कूल का ही नहीं, पूरे शहर का गर्व है। रैली का समापन स्कूल प्रांगण में हुआ, जहां छात्रों ने उत्साहपूर्ण देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। गीतों की गूंज ने उपस्थित सभी लोगों के दिलों में गर्व और समर्पण की भावना को और प्रबल कर दिया।

## स्वतंत्रता दिवस पर लगेगा विशाल रक्तदान शिविर

**गाजियाबाद।** स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त 2025) के अवसर पर डायमंड पैलेस, कविनगर औद्योगिक क्षेत्र में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम मानवता सेवा की भावना को समर्पित है, जिसमें शहर की कई प्रतिष्ठित संस्थाएं और समाजसेवी मिलकर इसे सफल बनाने में योगदान देंगे। इस महत्त्वपूर्ण आयोजन में रोटरी क्लब मिडटाउन के अध्यक्ष अतुल ठाकुर और सचिव राजीव साधना, रामगडि?ा कल्याण संघ के धर्मेंद्र सोहल, नारायण संकीर्तन मंडल के सोनी जी, गुरुद्वारा जी ब्लॉक कविनगर के अध्यक्ष रविंदर सिंह जॉली, दूधेश्वरनाथ मंदिर के अजय चोपड़ा, वरिष्ठ समाजसेवी रूपेंद्र सिंह, वरदान सेवा संस्थान के अशोक जी, डायमंड पैलेस के संदीप, राउंड टेबल संस्थाओं के अध्यक्ष प्रतीक गुप्ता, अध्यक्ष प्रतीक शर्मा और सदस्य प्रांशुल के साथ-साथ दिनेश गर्ग जैसे कई सम्मानित व्यक्ति उपस्थित रहेंगे।

# जिलाधिकारी ने किया कलेक्ट्रेट पर ध्वजारोहण

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** आजादी के 79वें पर्व पर कलेक्ट्रेट परिसर शुक्रवार को देशभक्ति की गूंज से सराबोर हो उठा। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान की मधुर ध्वनि के बीच तिरंगे को सलामी दी। इसके बाद महात्मा गांधी सभागार में आयोजित मुख्य समारोह में जिले के अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और गणमान्य लोगों की उपस्थिति ने स्वतंत्रता दिवस उत्सव को और भी गरिमामय बना दिया। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रत्येक भारतवासी का मन देश प्रेम, देश भक्ति और देश सेवा की भावना से ओत-प्रोत होना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं है, बल्कि यह आत्मचिंतन और संकल्प का दिन है। हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम सदैव जनहित, देशहित और प्रकृति हित में कार्य करेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्वदेशी उत्पादों का उपयोग आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला है। जब-जब हम स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करेंगे, तभी हमारा देश वास्तव में विकसित राष्ट्र के रूप में खड़ा हो सकेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छ, सुंदर और विकसित भारत के निर्माण के लिए हर नागरिक को अपने तन, मन और आचरण में भी स्वच्छता और सजगता को अपनाना होगा। विकास की तेज रफ्तार के साथ हमें प्रकृति और पर्यावरण का विशेष ध्यान रखना है। जल और पौधों का संरक्षण वर्तमान और भविष्य दोनों के लिए आवश्यक है। कार्यक्रम में जनपद गाजियाबाद के गौरव, राष्ट्रपति पदक विजेता वर्ष 2025 के श्री सुजीत कुमार को जिलाधिकारी द्वारा शॉल ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। यह क्षण पूरे जनपद के लिए गर्व और उत्साह से भरा रहा। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे अधिकारी और कर्मयोगी गाजियाबाद की पहचान को और ऊंचा करते हैं। कार्यक्रम के दौरान केडीबी स्कूल के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता दिवस पर आधारित देशभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। इन गीतों ने सभागार का वातावरण भावनाओं से भर दिया। जिलाधिकारी ने सभी प्रस्तुति देने वालों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया और उनकी प्रतिभा की सराहना की। कार्यक्रम में एडीएम ई रणविजय सिंह, एडीएम एल/ए विवेक मिश्र, एडीएम सिटी विकास कश्यप, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय, आईएएस अयान जैन, आबकारी अधिकारी संजय सिंह और सिविल डिफेंस चीफ वार्डन ललित जायसवाल सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और स्वतंत्रता दिवस की महत्ता पर विचार व्यक्त किए।

## हिंडन विहार में गैस रिसाव से हड़कंप, 20 से अधिक परिवार प्रभावित

गाजियाबाद। गाजियाबाद के हिंडन विहार इलाके में बुधवार सुबह हुए गैस रिसाव ने पूरे क्षेत्र में अफरा–तफरी मचा दी। घटना सुबह करीब 8 बजे हाजी सलीम नामक स्क्रैप व्यापारी के गोदाम में हुई, जहां स्क्रैप कटिंग का काम चल रहा था। अचानक अज्ञात कारणों से गैस का तेज रिसाव शुरू हो गया, जिससे धुआं पूरे इलाके में फैल गया। गैस के असर से 20–25 परिवारों के लोग प्रभावित हुए। कई लोगों को सांस लेने में कठिनाई, आंखों में जलन, सिरदर्द और चक्कर आने की शिकायत हुई। गंभीर हालत में कुछ मरीजों को आईसीयू में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों ने बताया कि कई मरीजों को कम से कम 48 घंटे निगरानी में रखा जाएगा। स्थानीय लोगों के मुताबिक, गैस फैलते ही लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए। कई ने कपड़े से मुंह–नाक ढककर सड़क पर शरण ली। सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल और आपदा प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंची। गैस स्रोत की तलाश कर रिसाव बंद किया गया और आसपास के घर खाली कराए गए। प्रारंभिक जांच में आशंका है कि स्क्रैप कटिंग के दौरान किसी रासायनिक कंटेनर को काटने से गैस निकली। गैस के नमूने लैब भेजे गए हैं। गोदाम मालिक हाजी सलीम से पुलिस पूछताछ कर रही है। प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्र में मेडिकल टीम तैनात कर दी है और सफाई व वेंटिलेशन का काम जारी है। नगर निगम व पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## बार एसोसिएशन ने जिला जज आशीष गर्ग को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद कचहरी में बुधवार को बार एसोसिएशन द्वारा दिवंगत जिला एवं सत्र न्यायाधीश आशीष गर्ग को श्रद्धांजलि देने के लिए सभा का आयोजन किया गया। न्यायिक अधिकारियों से लेकर बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। जानकारी के अनुसार, इंदिरापुरम के एक निजी अस्पताल में कुछ दिनों पहले उनका हर्निया ऑपरेशन हुआ था और सोमवार को छुट्टी मिलने वाली थी, लेकिन उसी दिन हृदय गति रुकने से उनका निधन हो गया। उनके निधन के बाद मंगलवार को कोर्ट में अवकाश घोषित किया गया था और बुधवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। दोपहर करीब डेढ़ बजे डीजीसी क्रिमिनल कार्यालय के पास आयोजित श्रद्धांजलि सभा की शुरूआत मौन धारण के साथ हुई। सभी ने जिला जज की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि आशीष गर्ग एक मार्गदर्शक की तरह थे और उनकी गहरी कानूनी समझ तथा निष्पक्ष फैसलों के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। सचिव अमित नेहरा ने कहा कि वे न्याय के प्रति अत्यंत गंभीर और समर्पित थे। कई वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने भी उनके व्यक्तित्व और न्यायिक सेवा में योगदान को भावपूर्ण शब्दों में याद किया। इस अवसर पर एडीजे प्रथम अनिल कुमार, सिविल जज जसबीर सिंह, पोक्सो कोर्ट के न्यायाधीश नीरज गौतम समेत कई न्यायिक अधिकारी एवं कचहरी के अधिवक्ता मौजूद रहे।

## बेगमाबाद में सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण के विरोध में हिंदू संगठनों का प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** गांव बेगमाबाद में धार्मिक स्थल के पास सरकारी भूमि पर हो रहे दुकान निर्माण के विरोध में बुधवार को हिंदू संगठनों ने तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी अजीत सिंह को सौंपते हुए अवैध कब्जा हटाने की मांग की। वीर बलिदानी भगतसिंह सेवा समिति के बैनर तले प्रदर्शन कर रहे कार्यकताओं का आरोप है कि सरकारी भूमि पर अवैध दुकानों का निर्माण कराया जा रहा है, जो पूरी तरह गैरकानूनी है। उनका कहना है कि यह भूमि नगर पालिका परिषद के अधीन होनी चाहिए और इसे कब्जा मुक्त किया जाए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अवैध निर्माण नहीं रोका गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## ट्रांस हिंडन क्षेत्र के पांच इलाकों में पेयजल संकट

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** ट्रांस हिंडन क्षेत्र में बुधवार को लाजपत नगर, शालीमार गार्डन, वसुंधरा सेक्टर-3, वसुंधरा सेक्टर-16 और अर्थला में पेयजल की गंभीर समस्या देखने को मिली।

इन इलाकों में पानी की आपूर्ति बेहद कम दबाव से हुई और वह भी बहुत कम समय के लिए, जिससे कई घरों तक पानी पहुंच ही नहीं पाया। स्थानीय निवासियों के अनुसार, ऊपरी मंजिलों पर रहने वाले लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। कई जगहों पर जलापूर्ति केवल 15-20 मिनट के लिए हुई, जिससे टंकियां नहीं भर पाईं। वसुंधरा सेक्टर-3 के राकेश सिंह ने बताया कि पानी इतनी धीमी गति से आया कि एक बाल्टी भरने में ही 10 मिनट लग गए। शालीमार गार्डन के मोहित कुमार ने कहा कि प्रेशर इतना कम था कि नहाने और खाना बनाने के लिए पानी बाहर से खरीदना पड़ा। अर्थला के वीरपाल डबास ने शिकायत की कि पिछले कई दिनों से यही स्थिति है और दिन में सिर्फ एक बार जलापूर्ति हो रही है, जिससे बोतलबंद पानी पर निर्भर रहना पड़ रहा है और खर्च बढ़ गया है। लोगों ने प्रशासन से पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध कराने की मांग की है। इस संबंध में जलकल निगम के अवर अभियंता सोमेंद्र तोमर ने बताया कि प्रभावित इलाकों में जल्द निरीक्षण कर स्थिति को सामान्य करने का प्रयास किया जाएगा।

# श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के राष्ट्रीय मंत्री आशु चौहान ने स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा फहराया





वेलकम इंडिया

**नई दिल्ली।** आज 79वे स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के राष्ट्रीय मंत्री व बिहार के सह प्रभारी राजन कुमार उर्फ आशु चौहान ने वसंत इनक्लेव में आरएडब्लू के द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम में ध्वजारोहण किया और साथ ही देश की बेटी युवा खिलाड़ी जीविका टोकस के एशियन गेम्स चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीतने पर सम्मानित किया। साथ ही फहअ के अध्यक्ष धर्मवीर जी ने भी खिलाड़ी जीविका टोकस को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। समाजसेवी आशु चौहान जो कि आरएडब्लू के महासचिव भी है उन्होंने भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें फहअ के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे और साथ ही क्षेत्र की जनता भी भारी संख्या में उपस्थित रही। पत्रकारों से बात करते हुए आशु चौहान ने स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया और उनके बलिदान को नमन किया। साथ ही देश की स्वतंत्रता, एकता और अखंडता के प्रतीक इस पावन पर्व की सभी देशवासियों बधाई दी। इस अवसर पर श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष महिपाल बिड़लान भी मौजूद रहे और उन्होंने सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी साथ ही समाजसेवी आशु चौहान की प्रशंसा भी की जिस प्रकार आशु चौहान निस्वार्थ भाव से क्षेत्र की गरीब जनता की सेवा करते हैं वह सराहनीय है। स्लम बस्तियों में रहने वाले सभी लोगों को हर प्रकार सुविधाएं मिले इसके लिए आशु चौहान निरंतर कार्य करते रहते हैं। ओर सभी के दिलों में बसते हैं।

आरएडब्लू के अध्यक्ष सहित पूरी टीम भी आशु चौहान के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते रहते हैं। महिपाल बिड़लान ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि देश में ऐसे ही लोगो की जरूरत है जो कि लोगों की निस्वार्थ भाव से सेवा करे और देश की एकता और अखंडता के साथ देश के विकास के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करते रहे।

# जीएसटी की जटिलताओं और अधिकारियों की मनमानी के खिलाफ उठाई गूंजती हुई आवाज

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के व्यापारियों ने सांसद अतुल गर्ग का आभार जताते हुए उन्हें व्यापारियों की सच्ची आवाज करार दिया है। कारण साफ है लोकसभा में सांसद गर्ग ने जीएसटी प्रणाली की व्यावहारिक खामियों, अधिकारियों की मनमानी और छोटे व्यापारियों पर हो रहे आर्थिक-मानसिक अत्याचारों को पूरे दमखम के साथ उठाया। व्यापारियों ने कहा कि वर्षों से वे जीएसटी के नाम पर बेवजह की जटिलताओं, ट्रकों की जब्ती, भारी-भरकम पेनल्टी और लम्बी अदालती प्रक्रिया से जूझ रहे थे, लेकिन पहली बार उनकी पीड़ा को संसद के पटल से इतनी मजबूती से रखा गया है। सांसद गर्ग ने विशेष रूप से छोटे व्यापारियों के साथ हो रहे अन्याय पर जोर देते हुए कहा कि मामूली सी त्रुटि पर भी ट्रकों को माल सहित तीन-चार दिन तक बंधक रखना, फिर भारी पेनल्टी वसूलना और बाद में कोर्ट से उसे वापस करना यह न सिर्फ अनुचित है, बल्कि व्यापार की रफ्तार को भी रोक देता है। सांसद गर्ग ने सदन में यह भी मांग रखी कि अगर जीएसटी अधिकारियों की गलती साबित हो, तो उन पर भी दंड लगाया जाए, और अनावश्यक छापेमारी व प्रताडा पर सख्त रोक लगे। व्यापारियों का मानना है कि यह कदम ईमानदार कारोबारियों के लिए राहत की सांस साबित होगा और व्यापार का माहौल सुधरेगा।

# सीडीओ अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में 48 आवेदनों पर हुआ निर्णय

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में बुधवार को दुर्गावती सभागार, विकास भवन में उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल (प्रबंधन और विनियमन) अधिनियम के अंतर्गत जिला भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में घरेलू और कृषि उपयोग के लिए कूप पंजीकरण, अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) निर्गमन और नवीनीकरण से जुड़े कुल 48 आवेदनों पर विचार-विमर्श कर निर्णय लिए गए। परिषद ने पंजीकरण अनापत्ति प्रमाण-पत्र के 17 आवेदनों में 13 को स्वीकृत और 4 को अस्वीकृत किया, जबकि अनापत्ति निर्गमन प्रमाण-पत्र के 21 आवेदनों में 15 को मंजूरी और 6 को खारिज किया गया। इसी तरह, अनापत्ति नवीनीकरण प्रमाण-पत्र के 10 आवेदनों में 4 को स्वीकृति और 6 को अस्वीकृति मिली।

